TRILLIUM
FLOW TECHNOLOGIES™

आचार नियमावली

2020

विषय सामग्री

हम सफल कैसे होते हैं

सीईओ द्वारा परिचय 2
द ट्रिलियम के लिए महत्वपूर्ण बातें 3
हमारी आचार नियमावली का उद्देश्य 4
हमारे मूल्यों को लागू करना 4
हमारी आचार नियमावली को लागू करना 5
प्रबंधक की जिम्मेदारियां 5
बोलो! किसी चिंता को कैसे प्रगट किया जाये या प्रश्न कैसे पूछें जाएँ 6
एथिक्स हॉटलाइन से संपर्क 7

लोग

कपट, धोखा, और बेईमानी 8
रिश्वत विरोधी और भ्रष्टाचार विरोधी 10
उपहार और आदरातिथ्य 12
कार्यक्षेत्र में हितों और व्यक्तिगत संबंध का संघर्ष
कार्यस्थल में संबंध 14
समानता, समावेशन, और विविधता 16
उत्पीड़न, धमकाना, और भेदभाव 17
मानवाधिकार सिद्धांत 18

ग्राहक

तीसरे पक्ष के साथ काम करते समय ईमानदारीपूर्वक काम करना 20
हमारे एजेंटों और अन्य लोगों के साथ व्यवहार में ईमानदारी लाना
हमारी तरफ से कार्य करना 21
प्रतियोगिता और विश्वास–विरोधी कानून 22
आयात, निर्यात और व्यापार नियंत्रण 24

प्रौद्योगिकी

कंपनी सिस्टम्स और जानकारी का उपयोग 25
सोशल मीडिया दिशानिर्देश 26
कंपनी की संपत्ति और संसाधनों का उपयोग 27
वित्तीय रिकॉर्ड, नियंत्रण और रिपोर्टिंग 28
गोपनीय जानकारी 29
कंपनी संचार और प्रकटीकरण 30
व्यक्तिगत जानकारी 31

कार्यप्रदर्शन

पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा (EHS) 32
पर्यावरण का सम्मान करना 33
समुदायों का सम्मान करना 34

नीतिपूर्ण व्यापार प्रथाएँ

सीईओ द्वारा परिचय

प्रिय साथियों,

ट्रिलियम फ्लो टेक्नोलॉजीज कंपनी के सभी स्तरों पर ईमानदार और नैतिक व्यापार प्रथाओं के लिए प्रतिबद्ध है, ऐसी हर जगह जहाँ हम व्यापार करते हैं। एक कंपनी के रूप में हमारी सफलता उन निर्णयों से निर्धारित होती है जो हम दैनिक रूप से लेते हैं और उस प्रत्येक कार्य से जो हम करते हैं। जहाँ हमारे व्यवसाय के लक्ष्यों को प्राप्त करना हमारी सफलता के लिए महत्वपूर्ण है, वहीं यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि हम उन्हें कैसे प्राप्त करते हैं।

ट्रिलियम की आचार नियमावली हमारी मार्गदर्शिका है कि किस तरह से ईमानदारी और व्यावसायिकता के साथ व्यापार किया जाये। इसमें न्यायोचित और सटीक व्यापारिक व्यवहार, भ्रष्टाचार, स्वास्थ्य और सुरक्षा, भेदभाव और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषय शामिल हैं। ट्रिलियम के सीईओ के रूप में, मुझे उम्मीद है कि प्रबंधक इन दिशानिर्देशों के पालन में आपकी सहायता करेंगे और ट्रिलियम कर्मचारी के रूप में आपके लिए इन सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए साधन और नेतृत्व प्रदान करेंगे। संयुक्त रूप से हम अपनी पेशेवर भूमिकाओं के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं।

हम सभी नैतिक आचरण को अपनी संस्कृति और दैनिक व्यावसायिक गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने की जिम्मेदारी साझा करते हैं। मैं आपको इस नियमावली को नियमित रूप से संदर्भित करने और ऐसे किसी भी व्यवहार को चुनौती देने और रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करता हूं, जिसे आप इस नियमावली के साथ असंगत मानते हैं। यह नियमावली हमारे आचार हॉटलाइन सहित रिपोर्टिंग के लिए विभिन्न तरीके प्रदान करती है। आप लोग आश्वस्त रहें कि ट्रिलियम आपके द्वारा की गई अनैतिक या अवैध आचरण की रिपोर्टिंग के लिए आपको दी गई किसी भी धमकी या आपके खिलाफ की गई प्रतिशोध की कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं करेगा।

यदि आपके पास कोई प्रश्न, चिंता या नैतिक दुविधा है, तो हमारी नियमावली आपको बताती है कि मार्गदर्शन के लिए किससे संपर्क करना होगा। हम सभी सही निर्णय लेने में आपकी सहायता करने के लिए यहां मौजूद हैं।

ट्रिलियम के प्रति आपकी निरंतर प्रतिबद्धता और बहुमूल्य योगदान के लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देता हूं।

डेविड ए. पारादिस

TRILLIUM FLOW TECHNOLOGIES™

उद्देश्य

हम विश्व में सबसे अधिक विश्वसनीय फ्लो चार्ट सोल्यूशन कंपनी बनना चाहते हैं।

मिशन

हमारा मिशन महत्वपूर्ण उत्पाद और सेवाएँ प्रदान कर अपने ग्राहकों की चिरंतन, प्रभावी और मनोभावपूर्वक सहायता करना है ताकि आज के चुनौतीपूर्ण युग में अपनी आवश्यकताओं को पूर्ण करने में उनकी मदद की जा सके।

स्थिति

हम ग्राहकों की सफलता को सुनिश्चित करने के लिए उनके साथ सहयोग करते हुए एडवांस्ड फ्लो कंट्रोल टेक्नोलॉजी, विपणन पश्चात सेवाएँ और वैश्विक विशेषज्ञता का विकास करते हैं और उनका वितरण करते हैं।

मूल्य – पम्प्स – सेवाएँ

हम क्या करते हैं

- महत्वपूर्ण उपकरण और सेवाओं का मिशन तैयार करते हैं
- सर्वोत्तम रीति से हल निकालते हैं
- उत्साहपूर्ण और व्यापक ग्राहक सेवा
- वैश्विक सहयोग

हम कैसे सफल होते हैं

ग्राहक
ग्राहक संलग्नता और सेवा के स्तर में निरंतर सुधार करते हुए ग्राहकों के साथ निर्बाध रूप से जुड़ते हैं

प्रोद्योगिकी
उन्नत तकनीक विकसित और लागू करते हैं

क्रियांवयन
सभी के लिए निरंतर सुधार, सर्वोत्तम निष्कर्ष और मूल्य निर्माण के लिए उत्साहपूर्ण प्रयास

टीम
अपने मिशन पर केंद्रित एक वैविध्यपूर्ण, ऊर्जावान और सहयोगपूर्ण टीम को आकर्षित करना और विकसित करना

हमारे मूल्य

- लोगों और पर्यावरण की सुरक्षा
- ईमानदारी
- हमेशा ग्राहकों की जरूरतों को पूर्ण करना
- हमारी सभी कृतियों में गुणवत्ता प्रदान करना
- समाधान, नवीनता और रचनात्मकता

हमारी आचार नियमावली का प्रयोजन

यह आचार नियमावली हमारे सिद्धांतों और अपेक्षाओं को परिभाषित करती है।

यह तीन मुख्य उद्देश्यों की पूर्ती करने के लिए स्थापित की गई हैरू

- हमारे द्वारा अपेक्षित व्यवहार को स्पष्ट रूप से निर्धारित करना।
- हमारे मूल्यों को लागू करने में आपकी सहायता करने के लिए दिशानिर्देश प्रदान करना।
- यदि आपको कोई भी संदेह है, तो आपको चिंता प्रगट करने या प्रश्न पूछने में सक्षम करना।

अपने मूल्यों को लागू करना

कभी–कभी आप जानते हैं कि यह करना सही है, और कभी–कभी संदेह होता है।

हो सकता है कि यह आचार नियमावली हर उस स्थिति को संबोधित न करे जिसका आप सामना कर रहें हैं, इसलिए संपूर्ण आचार नियमावली में हमने सूचित किया है कि आप अधिक जानकारी पाने के लिए या मार्गदर्शन के लिए किससे संपर्क कर सकते हैं।

ऐसी किसी भी स्थिति में जिसमें आपको कुछ अनिश्चितता है कि कोई कृति आचार नियमावली के अनुरूप है या नही, तब आपको खुद से ये प्रश्न पूछना चाहिएः

क्या यह वैध है?

क्या मैं इसे मिडिया में पढ़ते समय सहज महसूस करूंगा?

क्या यह एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करेगा?

क्या यह ठीक रहेगा?

यदि आपको इनमें से किसी भी प्रश्न का उत्तर देने में कोई परेशानी है, तो आपको अपने प्रबंधक, मानव संसाधन, कानून विभाग के पास, या ट्रिलियम एथिक्स हॉटलाइन के माध्यम से उचित रूप से चिंता व्यक्त करनी चाहिए।

हमारी आचार नियमावली को लागू करना

हमारी आचार नियमावली हम सभी पर और हम जिन तृतीय पक्षों के साथ काम करते हैं उन सब पर लागू होती है ।

आचार नियमावली
हम आपसे इस आचार नियमावली के अनुपालन की अपेक्षा करते हैं। यदि आचार नियमावली का उल्लंघन करते पाया जाता है, तो आपको अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। इस अनुशासनात्मक कार्रवाई में रोजगार की समाप्ति या आपके अनुबंध को रद्द करना शामिल हो सकता है। व्यक्तिगत जुर्माना, आपराधिक मुकदमा और कारावास सहित लागू कानूनों के तहत अतिरिक्त परिणाम शामिल हो सकते हैं।

इस आचार नियमावली में जहां कहीं भी हम ष्आपष शब्द का उपयोग करते हैं, वहाँ इसमें ट्रिलियम फ्लो टेक्नोलॉजीज™ (''ट्रिलियम फ्लो टेक्नोलॉजीज'' या 'ट्रिलियम') के सभी कर्मचारी, अधिकारी और इसके सहायक और संयुक्त उद्यम शामिल हैं, जिसमें ट्रिलियम एक हित नियंत्रण रखता है। इसमें ट्रिलियम के लिए काम करने वाले सभी ठेकेदार और सलाहकार भी शामिल हैं, क्योंकि हम इन ठेकेदारों और सलाहकारों से अपेक्षा करते हैं कि जब वे हमारे लिए काम करते हैं तब वे इस आचार नियमावली का पालन करें।

यह आचार नियमावली स्वीकार्य सीमा तक, हमारे आपूर्तिकर्ताओं, एजेंटों, डीलरों और अन्य तृतीय पक्षों पर भी लागू होती है जिनके साथ हम काम करते हैं। हमें उम्मीद है कि ये तीसरे पक्ष इस आचार नियमावली में निर्धारित अनिवार्यताओं और अपेक्षाओं का पालन करे।

प्रबंधक की जिम्मेदारियाँ

हमारा सिद्धांत

प्रबंधकों से अच्छे रोल मॉडल होने की उम्मीद की जाती है जो आचार नियमावली और ट्रिलियम की नीतियों में वर्णित व्यवहारों और सिद्धांतों को प्रदर्शित करते हैं। प्रबंधकों की यह सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है कि उनकी टीमें समझें कि यह आचार नियमावली और ट्रिलियम की नीतियां कैसे उनके दिन–प्रतिदिन के काम पर लागू होती हैं।

इस प्रकार, जो अन्य कर्मचारियों का प्रबंधन करते हैं, उनकी इस आचार नियमावली के तहत अतिरिक्त जिम्मेदारियां होती हैं।

इसमें शामिल हैरू

- कर्मचारियों को आचार नियमावली की प्रतियां प्रदान करना और कर्मचारियों को इस आचार नियमावली को समझने में मदद करना।
- कर्मचारियों के साथ नैतिक मुद्दों पर बात करना।
- सुनिश्चित करना कि कर्मचारियों को समय पर नैतिक मुद्दों पर पूर्ण प्रशिक्षणप्राप्त हो रहा है।
- निगरानी करना कि कर्मचारी इस आचार नियमावली का अनुपालन करते हैं।
- यह सुनिश्चित करना कि तीसरे पक्ष जिनके साथ हम संलग्न हैं, इन नीतियों और मानकों के बारे में उचित रूप से जानते हैं और उनका अनुपालन करते हैं।
- यह सुनिश्चित करना कि हम नैतिक मुद्दों या चिंताओं को प्रस्तुत करने वाले लोगों का समर्थन करते हैं।

बोलो!

किसी चिंता को कैसे प्रगट किया जाये या प्रश्न कैसे पूछें जाएँ

अनैतिक व्यवहार की रिपोर्ट करना

यदि आप मानते हैं कि आपने ट्रिलियम में किसी अनैतिक व्यवहार का अनुभव किया है या उसे होते देखा है तो आपके पास इसके बारे में कुछ करने की जिम्मेदारी है। हम आपको आश्वस्त करना चाहते हैं कि आप एक सुरक्षित और गोपनीय तरीके से अपनी चिंता प्रस्तुत कर सकते हैं। इस तरह की चिंताओं को उचित रूप से संबोधित किया जाएगा और उनकी जांच की जाएगी।

आपको इस बात से चिंतित नहीं होना चाहिए कि किसी वास्तविक चिंता की रिपोर्ट करने से कोई प्रतिकूल व्यक्तिगत परिणाम होंगे। आपको इसका प्रारंभ अपने प्रबंधक या पर्यवेक्षक के पास अपनी चिंताओं को व्यक्त करके करना चाहिए। यदि यह उचित नहीं है, या किसी कारण असंतोषजनक है, तो आप अपने मानव संसाधन प्रतिनिधि या अपने कार्य क्षेत्र के किसी वरिष्ठ नेता से संपर्क कर सकते हैं।

यदि आप उपरोक्त किसी भी चौनल के माध्यम से अपने प्रश्न या चिंता को व्यक्त में सहज महसूस नहीं करते, तो कर्मचारी और साथ ही साथ तीसरा पक्ष ट्रिलियम एथिक्स हॉटलाइन से संपर्क कर सकते हैं। इस आचार नियमावली में निरू शुल्क फोन (टोल–फ्री) टेलीफोन नंबर निम्नलिखित पेज पर दिए गए हैं और वे हमारी सभी कंपनियों में व्यापक रूप से प्रचारित किए जाते हैं। आप हमारे ग्लोबल इंट्रानेट,

www.trilliumflow.com के माध्यम से या सीधे **www.trilliumflow.ethropoint.com** के माध्यम से भी इस सेवा का उपयोग कर सकते हैं।

कोई प्रतिकार नहीं

ट्रिलियम उन व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है जो एक विश्वास से और रिपोर्टिंग प्रक्रिया की स्वतंत्रता, निष्पक्षता और गोपनीयता बनाए रखने के लिए मुद्दों की रिपोर्ट करते हैं। ट्रिलियम किसी भी तरह के प्रतिशोध को बर्दाश्त नहीं करता। इस प्रतिकार के फलस्वरूप अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है या रोजगार की समाप्ति हो सकती है।

क्या मुझे पता चल सकता है कि मेरी चिंता के बारे में क्या हो रहा है?

हां, इस बात की परवाह किए बिना कि आप फोन द्वारा या ऑनलाइन रिपोर्ट करते हैं, आपको एक संदर्भ क्रमांक दिया जाएगा ताकि आप हॉटलाइन से संपर्क कर सकें और जान सकें कि मामला कैसे चल रहा है। आपको जहां संभव होगा वहाँ आपको अपडेट दिखाई देगा। आप यह भी देख सकते हैं कि समस्या का समाधान कब किया गया है, हालाँकि गोपनीयता नियमों या अन्य स्थानीय कानूनी प्रतिबंधों के कारण आपको कोई विवरण प्रदान करना संभव नहीं होगा।

क्या मुझे पूरा यकीन होना चाहिए कि यहाँ कोई समस्या है?

नहीं। जब तक आप अपने वास्तविक और ईमानदार सरोकारों को एक विश्वास से रिपोर्ट करते हैं, तब तक आपको किसी भी तरह से दंडित नहीं किया जाएगा, चाहे उसका परिणाम कुछ भी निकले।

एथिक्स हॉटलाइन का उपयोग करना

जब मैं एथिक्स हॉटलाइन को कॉल करूंगा तो क्या होगा?

आप जहां भी हैं, आपकी मदद की जाएगी और सलाह दी जाएगी। हम एक स्वतंत्र सेवा प्रदाता के साथ साझेदारी करते हैं जो टेलीफोन रिपोर्टिंग प्रणालियों के गोपनीय संचालन में माहिर है। जब आप कॉल करते हैं, तो उनके स्टाफ का एक प्रशिक्षित सदस्य आपके कॉल का जवाब देगा, उसे सुनेगा और उसे सिस्टम में रिकॉर्ड करेगा।

क्या मुझे अपना नाम देना जरूरी है?

लगभग सभी न्यायालयों में, यदि आप एक अनाम रिपोर्ट करना चाहते हैं तो आप ऐसा कर सकते हैं। हालांकि, एक खुली कार्य संस्कृति की भावना में, हम आपको अपना नाम देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं क्योंकि इससे आपकी चिंता की जांच करना आसान हो सकता है और अगर हमें आगे विवरण प्राप्त करने के लिए आपसे फिर से बात करने की आवश्यकता है तो हम आपसे संपर्क कर सकते हैं। यदि आप अपना संपर्क विवरण देते हैं तो यह जानकारी डेटाबेस में दर्ज की जा सकती है। आपको अपनी रिपोर्ट करने के संबंध में आपके द्वारा प्रस्तुत किसी भी व्यक्तिगत जानकारी तक पहुंचने का अधिकार है।

ट्रिलियम में मेरी हॉटलाइन रिपोर्ट के बारे में कौन–कौन जानेगा?

ट्रिलियम एथिक्स हॉटलाइन के लिए ट्रिलियम लीगल टीम केस मैनेजमेंट की मालिक है। आपका विवरण केवल उन लोगों को ज्ञात होगा जो विशेष रूप से आपकी चिंताओं की जांच करने के लिए और केस प्रबंधन टीम में शामिल हैं जिनको ये जांचकर्ता रिपोर्ट करते हैं। आपके द्वारा की गई कोई भी रिपोर्ट ऐसे किसी व्यक्ति को नहीं भेजी जाएगी जिसका आपने संकेत दिया हो।

एथिक्स हॉटलाइन से संपर्क

ट्रिलियम एथिक्स हॉटलाइन

नेवेक्स ग्लोबल (NAVEX Global) द्वारा प्रबंधित ट्रिलियम एथिक्स हॉटलाइन एक वैश्विक सेवा है, और यदि आप उनसे बात करना चाहते हैं या प्रश्न पूछना चाहते हैं तो उससे संपर्क किया जा सकता है। ट्रिलियम एथिक्स हॉटलाइन तक ऑनलाइन या फोन पर 24/7 पहुँचा जा सकता है, और आप गुमनाम रूप से रिपोर्ट करना चुन सकते हैं।

www.trilliumflow.ethicspoint.com

अंतर्राष्ट्रीय डायलिंग निर्देश

ऑस्ट्रेलिया
सीधी पहुँच
किसी बाहरी लाईन से, अपने स्थान के लिए सीधा पहुँच क्रमांक डायल करें:

ऑस्ट्रेलिया (ऑप्टस)	1–800–551–155
ऑस्ट्रेलिया (टेल्स्ट्रा)	1–800–881–011
अंग्रेजी प्रॉम्प्ट डायल पर	(844) 928–0198

कनाडा

कनाडा के भीतर टोल फ्री डायल टोल–फ्री	1–844–928–0198

चीन
सीधी पहुँच
किसी बाहरी लाईन से, अपने स्थान के लिए सीधा पहुँच क्रमांक डायल करें:

चीन (दक्षिणी)	10–811
चीन (उत्तरी)	108–888
अंग्रेजी प्रॉम्प्ट डायल पर	(844) 928–0198

फ्रांस
सीधी पहुँच
किसी बाहरी लाईन से, अपने स्थान के लिए सीधा पहुँच क्रमांक डायल करें:

फ्रांस (फ्रांस टेलीकॉम)	0–800–99–0011
फ्रांस (केवल पेरिस)	0–800–99–0111
फ्रांस	0–800–99–1011
फ्रांस	0–800–99–1111
फ्रांस	0–800–99–1211
फ्रांस (टेलीकॉम डेवलपमेंट)	0–805–701–288
अंग्रेजी प्रॉम्प्ट डायल पर	(844) 928–0198

भारत
सीधी पहुँच
किसी बाहरी लाईन से, अपने स्थान के लिए सीधा पहुँच क्रमांक डायल करें:

भारत	000–117
अंग्रेजी प्रॉम्प्ट डायल पर	(844) 928–0198

इटली
अंतर्राष्ट्रीय टोल–फ्री सेवा (ITFS)
किसी बाहरी लाईन से, अपने स्थान के लिए सीधा पहुँच क्रमांक डायल करें:

इटली	800–790875

कोरिया (दक्षिण)
सीधी पहुँच
किसी बाहरी लाईन से, अपने स्थान के लिए सीधा पहुँच क्रमांक डायल करें:

कोरिया (दक्षिण) (Dacom)	00–309–11
कोरिया (दक्षिण) (ONSE)	00–369–11
कोरिया (दक्षिण) (कोरिया टेलीकॉम)	00–729–11
कोरिया (दक्षिण) (अमेरिकी सैन्य मामले – Dacom)	550–2872
कोरिया (दक्षिण) (अमेरिकी सैन्य मामले – कोरिया टेलीकॉम)	550–4663
अंग्रेजी प्रॉम्प्ट डायल पर	(844) 928–0198

मलेशिया
सीधी पहुँच
किसी बाहरी लाईन से, अपने स्थान के लिए सीधा पहुँच

क्रमांक डायल करें: मलेशिया	1–800–80–0011
अंग्रेजी प्रॉम्प्ट डायल पर	(844) 928–0198

नीदरलैंड
सीधी पहुँच
किसी बाहरी लाईन से, अपने स्थान के लिए सीधा पहुँच क्रमांक डायल करें:

नीदरलैंड	0800–022–9111
अंग्रेजी प्रॉम्प्ट डायल पर	(844) 928–0198

पोलैंड
सीधी पहुँच
किसी बाहरी लाईन से, अपने स्थान के लिए सीधा पहुँच क्रमांक डायल करें:

पोलैंड	0–800–111–1111
अंग्रेजी प्रॉम्प्ट डायल पर	(844) 928–0198

दक्षिण अफ्रीका
सीधी पहुँच
किसी बाहरी लाईन से, अपने स्थान के लिए सीधा पहुँच क्रमांक डायल करें:

दक्षिण अफ्रीका	0–800–99–0123
अंग्रेजी प्रॉम्प्ट डायल पर	(844) 928–0198

संयुक्त अरब अमीरात
सीधी पहुँच
किसी बाहरी लाईन से, अपने स्थान के लिए सीधा पहुँच क्रमांक डायल करें:

संयुक्त अरब अमीरात	8000–021
संयुक्त अरब अमीरात (Mq)	8000–555–66
संयुक्त अरब अमीरात (सैन्य–यूएसओ और सेलुलर)	8000–061
अंग्रेजी प्रॉम्प्ट डायल पर	(844) 928–0198

यूनाइटेड किंगडम
अंतर्राष्ट्रीय टोल–फ्री सेवा (प्ब्ै)
किसी बाहरी लाईन से, अपने स्थान के लिए सीधा पहुँच क्रमांक डायल करें:

यूनाइटेड किंगडम	0808–234–6767

संयुक्त राज्य अमेरिका

संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर टोल फ्री डायल टोल–फ्री	1–844–928–0198

टिप्पणी

उपरोक्त क्रमांक परिवर्तन के अधीन हैं।
आप www.trilliumflow.ethicspoint.com पर हॉटलाइन वेबसाइट पर जाकर हमेशा नवीनतम क्रमांक पा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, कुछ देशों को टेलीफोन के माध्यम से रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए सेट नहीं किया गया है। उन देशों में कृपया अपनी रिपोर्ट ऑनलाइन करें।

कपट, धोखाधड़ी और बेईमानी

कोई भी धोखाधड़ी या बेईमानी वह चाहे कितनी ही बड़ी हो हमारी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकती है।

हमारा सिद्धांत

हम ईमानदारी के साथ कार्य करते हैं और ईमानदारी से व्यवसाय में संलग्न होते हैं। हम ट्रिलियम फ्लो टेक्नोलॉजीज को हर समय धोखाधड़ी या बेईमानी से बचाने के लिए भरसक प्रयास करते हैं। आमतौर पर धोखाधड़ी का अर्थ है दूसरों को धोखा देना, बेईमानी से काम करना या कुछ लाभ हासिल करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग करना। धोखाधड़ी आमतौर पर लाभ पाने के लिए या गलत तरीके से धन, माल या सेवाओं को प्राप्त करने के लिए की जाती है। यह अधिकांश देशों में कानून के विरुद्ध है और कुछ में, जैसे, यूके और यूएस में, धोखाधड़ी एक आपराधिक कार्य है जिसकी सजा कारावास हो सकती है।

हम कभी निम्नलिखित कार्य नही करते

- व्यय के दावे करें जो ट्रिलियम व्यवसाय के लिए खर्च नहीं किए गए थे।
- यदि हम मानते हैं कि वे खर्च या शुल्क झूठे हैं या ट्रिलियम के व्यवसाय से संबंधित नहीं हैं, तो हम वे खर्च या शुल्क किसी ग्राहक पर लगाते नही हैं।
- उन गतिविधियों को अनदेखा नही करते, जिसमें हमारे मतानुसार कपट, मनी लॉन्ड्रिंग या धोखाधड़ी शामिल हो सकते हैं।
- हमारे व्यवसाय के लिए अनुचित तरीके से या अनुचित रूप से जुड़े किसी भी बात के लिए ट्रिलियम के धन या संसाधनों का उपयोग नही करते।

हम हमेशा

- ईमानदारी से, निष्पक्ष और खुले तौर पर कार्य करते हैं।
- सुनिश्चित करते हैं कि कंपनी की वित्तीय पुस्तकें और रिकॉर्ड सही, सत्य और पूर्ण हैं।

आम्ही प्रामाणिकपणाने वागतो आणि प्रामाणिकपणे व्यवसाय करतो.

Q&A

एक सहकर्मी ने दोपहर का अधिकांश समय व्यक्तिगत व्यवसाय पर कार्यालय से बाहर बिताया, लेकिन फिर भी उसने उस समय को अपने टाइमशीट पर एक ग्राहक के साथ बिताते हुए चार्ज किया। उन्होंने कहा कि यह ठीक था क्योंकि वह अक्सर नौकरी में अतिरिक्त काम करते हैं जिसे वह अपने टाइमशीट पर चार्ज नहीं करते हैं। क्या इसकी अनुमति है?

नहीं, टाइमशीट को हम ग्राहक से लागत वसूलने का आधार बनाते हैं, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि सभी टाइमशीट उस काम पर बिताये गये समय का सही और सटीक प्रतिनिधित्व करें। आपके सहयोगी ने संभावित रूप से एक टाइमशीट धोखाधड़ी की है और इस मुद्दे को उसके और उसके प्रबंधक के पास उठाया जाना चाहिए।

मैं एक ग्राहक को रात के खाने के लिए ले गया, लेकिन मैंने एक दोस्त और उसकी पत्नी को भी आमंत्रित किया, और इसकी पूरी लागत ग्राहक मनोरंजन पर चार्ज की। क्या इसकी अनुमति है?

नहीं। पूर्णतया व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए न होने पर भी व्यय का दावा प्रस्तुत करना धोखाधड़ी है।

मुझे और जानकारी चाहिए, क्या कोई ऐसा है जिससे मैं बात कर सकता हूं?

- आपके पर्यवेक्षक या प्रबंधक, या आपके फंक्शन के अन्य वरिष्ठ कर्मचारी
- आपका प्रबंध या वित्त निदेशक
- समूह वित्तीय नियंत्रक
- ट्रिलियम लीगल
- सुनिश्चित करते हैं कि अन्य दस्तावेज, जैसे कि चालान, सटीक, पूर्ण और अनुबंध की शर्तों का पालन करते हैं।
- ऐसी किसी चीज की जाँच करते हैं या चुनौती देते हैं, जो उचित नही लगती।

रिश्वत–विरोधी और भ्रष्टाचार–विरोधी

रिश्वत/भ्रष्टाचार हमेशा गलत होता है और हमारी व्यावसायिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकता है।

हमारा सिद्धांत

ट्रिलियम की प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए रिश्वत–विरोधी और भ्रष्टाचार–विरोधी कानूनों का अनुपालन महत्वपूर्ण है। हममें से प्रत्येक को रिश्वत–विरोधी और भ्रष्टाचार–विरोधी कानूनों का अनुपालन करना आवश्यक हैय ऐसा करने में विफलता होने के परिणामस्वरूप आपराधिक दंड किया जा सकता है।

रिश्वत – हमें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से (उदाहरण के लिए, तीसरे पक्ष के माध्यम से) किसी को अपने कर्तव्यों के प्रदर्शन में प्रभावित करने के लिए किसी को भी मूल्य (नकद, उपहार, आतिथ्य या मनोरंजन सहित) के किसी भी चीज को अधिकृत, प्रस्तावित, प्रदान या वादा नहीं करना चाहिए, न ही उन्हें उनके कर्तव्यों को अनुचित तरीके से करने के लिए राजी करना चाहिए। इसी तरह, हमें किसी भी रूप में रिश्वत या सुविधा भुगतान की विनती करना या उसे स्वीकार करना नही चाहिए। सुविधा भुगतान दृ हमें कभी भी सुविधा भुगतान नहीं करना चाहिए। सुविधा भुगतान, या ष्ग्रीज भुगतानष् सरकारी अधिकारियों को किया जाने वाला भुगतान है, ताकि उन्हें अपनी दैनिक, गैर–विवेकाधीन कार्यों के प्रदर्शन को पूरा करने या प्राप्त करने में मदद मिल सके। इस सुविधा भुगतान में त्वरित सरकारी सेवाओं के लिए वैध, प्रकाशित शुल्क या अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए होने वाले खतरे के कारण किए गए भुगतान शामिल नहीं हैं। आपका स्वास्थ्य और सुरक्षा सर्वोपरि है, और आपको अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए हमेशा उचित कदम उठाने चाहिए। हालांकि, इस स्वास्थ्य और सुरक्षा भुगतान को तुरंत अपने प्रबंधक और ट्रिलियम लीगल को सूचित किया जाना चाहिए ताकि इसे सही तरीके से दर्ज किया जा सके।

म छमअमत

- किसी भी प्रकार के भ्रष्ट व्यवहार या भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों के किसी भी उल्लंघन को बर्दाश्त करना या उसमें भाग लेना।
- हमारी गतिविधियों और भुगतानों को छिपाना या ठीक से या सही ढंग से रिकॉर्ड करने में विफल होना।
- किसी तीसरे व्यक्ति को उस मूल्य की पेशकश करना यदि यह नाजायज उद्देश्यों के लिए है या अनुचित तरीके से कार्रवाई करने के लिए प्रदान किया जाता है, अगर यह स्थानीय कानूनों के तहत अवैध है, या यदि यह ट्रिलियम की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकता है।
- चीजों को पाने के लिए या कार्य थोड़ा जल्दी होने के लिए किसी भी सरकारी अधिकारी को अनुचित भुगतान करना।
- किसी भी सामान या सेवाओं के लिए उचित बाजार मूल्य से अधिक का भुगतान करना।

हम हमेशा करते हैं

- हम निम्नलिखित बातें करने से पहले आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करते हैंकृप) किसी भी तीसरे पक्ष को किसी भी मूल्य की पेशकश करना, पप) किसी तीसरे पक्ष को संलग्न करना जो हमारी ओर से दूसरों के साथ बातचीत करेगा, या पपप) किसी घटना या सामुदायिक परियोजना को प्रायोजित करना या उसका समर्थन करना।
- हम जिन लोगों और पक्ष के साथ काम करते हैं, उनका चयन करने में बहुत सावधानी बरतना।
- जाँच करना कि एजेंटों, सलाहकारों और परामर्शदाताओं सहित तीसरे पक्षों से प्राप्त सेवाओं के लिए भुगतान किया गया शुल्क वैध व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए है और प्रदान की गई सेवाओं के लिए उचित और सुसंगत है।
- सभी लागू रिश्वत और भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों को समझना और उनका पालन करना।
- हमें रिश्वत देने के किसी भी प्रयास की या हमारे लिए रिश्वत देने का अनुरोध करने की और रिश्वत या भ्रष्ट व्यवहार के किसी भी अन्य संदेह की तत्काल रिपोर्ट करना ।

Q&A

हम एक पर्याप्त अनुबंध के लिए निविदाओं की प्रतीक्षा कर रहे हैं और एक विक्रेता ने मुझे इस सप्ताहांत में एक पांच सितारा गोल्फ रिसॉर्ट में आमंत्रित किया है जिसमें सभी खर्चों का भुगतान किया गया है। क्या मुझे यह स्वीकार करना चाहिए?

नहीं। यह किसी भी समय अस्वीकार्य है, और विशेष रूप से, आपको कभी भी किसी भी अनुबंध वार्ता के दौरान अपने आप को अनुचित रूप से प्रभावित होने या अनुचित प्रभाव बनाने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।

मेरे काम के कारण मुझे दुनिया भर में कई जगहों पर जाना पड़ता है। हो सकता है कि एक देश में जो एक आम बात है उसे दूसरे किसी देश में रिश्वत के रूप में देखा जाता हो। मुझे क्या करना चाहिए?

अनुचित व्यावसायिक लाभ प्राप्त करने के लिए आपको कोई भी वादा या मूल्य नहीं देना चाहिए। जिन कार्यवाहियों की अनुमति है उन पर मार्गदर्शन पाने के लिए ट्रिलियम लीगल टीम से संपर्क करें।

हमने विदेशों में साइट एक्सटेंशन के लिए एक योजना आवेदन प्रस्तुत किया है। हमारे स्थानीय प्रबंधक ने सलाह दी कि अनुमोदन प्राप्त करने में होने वाली किसी भी देरी से बचने के लिए किसी स्थानीय अधिकारी को एक छोटा सा भुगतान करने की आवश्यकता होती है। हमें बताया गया है कि यह एक आम बात है। क्या भुगतान करना ठीक है?

नहीं, इसे एक सुविधा भुगतान माना जा सकता है, जब तक कि भुगतान सरकार को भुगतान किए जाने वाले प्रकाशित शीघ्र भुगतान के लिए न हो, जो सभी के लिए उपलब्ध हो और जिसे कानूनी रूप से मान्य किया गया हो। इस तरह का कोई भी भुगतान करने से पहले आपको ट्रिलियम लीगल से सलाह लेनी चाहिए।

किसी विदेशी देश को छोड़ने के प्रयास में, एक स्थानीय अधिकारी द्वारा नकद भुगतान की मांग की जाती है, जो सशस्त्र है। वह आक्रामक है और धमकी दे रहा है और उसने संकेत दिया है कि अगर मैं भुगतान नहीं करता हूं तो मुझे हिरासत में लिया जा सकता है। मुझे क्या करना चाहिए?

यह एक शेकडाउन है। जहां आप वास्तव में खतरे में पड़े और ध या भयभीत महसूस करते हैं, वहाँ आपको भुगतान करना चाहिए और अपने पर्यवेक्षक और ट्रिलियम लीगल के सदस्य को तुरंत सलाह देना चाहिए।

मुझे और जानकारी चाहिए, क्या कोई ऐसा है जिससे मैं बात कर सकता हूं?

- आपके पर्यवेक्षक या प्रबंधक, या आपके विभाग के अन्य वरिष्ठ नेता
- ट्रिलियम लीगल

ऐसी किसी भी बात की जाँच करें
और उसे चुनौती दें जो उचित
दिखाई न दें या उचित प्रतीत न हो.

उपहार और आदरातिथ्य

सभी उपहार या आतिथ्य उचित होना चाहिए।

हमारा सिद्धांत

हम व्यापार के लिए उपहार या आतिथ्य तभी देते हैं जब यह उचित होता है। हम कभी भी उन्हें प्रस्तावित या स्वीकार नहीं करते यदि वे किसी व्यवसाय के निर्णय को अनुचित तरीके से प्रभावित कर सकते हो। रिश्वत और 'अत्यधिकश आतिथ्य कानून और हमारे आचार नियमावली के खिलाफ हैं, श स्थानीय प्रथाश चाहे कोई भी हो। उपहार और आतिथ्य देना और प्राप्त करना संबंध निर्माण करने का हिस्सा है लेकिन सामान्य ज्ञान और सद्विवेक का हमेशा उपयोग किया जाना चाहिए। कॉरपोरेट चौरिटेबल डोनेशन और प्रायोजकों को पूर्व–अनुमोदित होना चाहिए क्योंकि ये अनुचित प्रभाव डालने जैसे मुद्दों को भी जन्म दे सकते हैं।

आपको सभी उपहार और आतिथ्य की पूर्व–स्वीकृति प्राप्त करनी चाहिए जो उपहार और आतिथ्य नीति में निर्धारित दिशानिर्देशों के अधीन हो।

सरकारी अधिकारियों के लिए वृद्धिंगत छानबीन

कुछ देशों में उपहारों और आतिथ्य के मूल्य और स्वरूप के बारे में बहुत सख्त सीमाएँ हैं जो उनके सरकारी अधिकारी स्वीकार कर सकते हैं। हो सकता है निजी व्यवसाय भागीदारों के बीच स्वीकार्य उपहार और आतिथ्य एक व्यवसाय और एक अधिकारी के बीच अस्वीकार्य हो। राज्य के स्वामित्व वाली कंपनियों के कर्मचारियों को इन उद्देश्यों के लिए सरकारी अधिकारियों के रूप में माना जाता है।

आपके पास एक कप कॉफी जैसी क्षुल्लक राशि को छोड़कर, सरकारी अधिकारियों को उपहार और आतिथ्य देने की स्पष्ट अनुमति होनी चाहिए। इसी प्रकार, आपको किसी सरकारी अधिकारी के जीवनसाथी, परिवार के सदस्यों या मेहमानों को उपहार और आतिथ्य की पेशकश नहीं करनी चाहिए। आपको किसी भी सरकारी अधिकारी के लिए गैर–व्यावसायिक यात्रा और आतिथ्य के लिए भुगतान नहीं करना चाहिए।

इसके अलावा, यदि आप तृतीय पक्षों पर उचित देयता बरतने में विफल रहते हैं, जो ट्रिलियम की ओर से सरकारी अधिकारियों के साथ व्यवहार करते हैं, या यदि आप इस तरह के परिश्रम के परिण ामों की अवहेलना करते हैं, तो तृतीय पक्ष का यह व्यवहार आपके और ट्रिलियम के लिए दायित्व में परिणामित हो सकता है।

हम कभी भी निम्नलिखित बातें नही करते

- वे उपहार या आतिथ्य स्वीकार करना जो हमारे निर्णय या स्वतंत्रता को प्रभावित करने वाले माने जा सकते हैं।
- कोई भी उपहार, आतिथ्य, प्रायोजन या धर्मार्थ दान करना या प्रस्तावित करना जो दूसरों के निर्णय या स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकते हैं, या प्रभावित करते प्रतीत होते हैं।
- कॉर्पोरेट राजनीतिक दान या योगदान करना।
- किसी प्रतिस्पर्धी बोली या निविदा अभ्यास की प्रक्रिया के दौरान उपहार या आतिथ्य स्वीकार करना या भेंट करना, जो उस बोली या निविदा के परिण ाम पर प्रभाव डाल सकता है, या डालता प्रतीत हो सकता है।

हम हमेशा निम्नलिखित बातें करते हैं

- सुनिश्चित करते हैं कि उपहार और आतिथ्य नीति और उपहारों और आतिथ्य के स्थानीय कानूनों और नियमों को समझा जाये और उनका पालन किया जाये, जो उस देश में लागू होते हैं जहां हम व्यापार कर रहे हैं।
- ऐसे किसी भी उपहार, आतिथ्य, प्रायोजन, या धर्मार्थ दान की या तो हमारे स्थानीय प्रबंधक या ट्रिलियम एथिक्स हॉटलाइन या ट्रिलियम लीगल को रिपोर्ट करना जो हम जानते हैं और मानते हैं कि आचार नियमावली के खिलाफ है।
- यदि हम उपहार और आतिथ्य नीति के किसी भी पहलू के बारे में अनिश्चित हैं, तो हमारे प्रबंधक, कंपनी के वरिष्ठों या ट्रिलियम लीगल से बात करना।

हम ऐसे उपहार या आतिथ्य को कभी स्वीकार नहीं करते हैं जिसे हमारे निर्णय या स्वतंत्रता को प्रभावित करने वाला माना जा सकता है।

Q&A

प्र. एक बोली प्रक्रिया के दौरान एक आपू. र्तिकर्ता ने मुझे एक बहुत महंगी विशेष रूप से बोतलबंद 50 साल पुरानी सिंगल माल्ट व्हिस्की भेजी। क्या मुझे स्वीकार करना चाहिए?

नहीं। यह उपहार उस आपूर्तिकर्ता को एक स्पष्टीकरण के साथ लौटाया जाना चाहिए कि इसे स्वीकार करना हमारे आचार नियमावली के विपरीत होगा।

प्र. एक ऐसे देश में, जहां ट्रिलियम एक नई उपस्थिति स्थापित कर रहा है, सरकार के मंत्री ने सुझाव दिया है कि सामुदायिक योगदान के रूप में यह अच्छा होगा यदि ट्रिलियम उसके गृह नगर में स्थित नेत्रहीन बच्चों के लिए एक स्कूल को धर्मार्थ दान करें जहाँ उनकी पत्नी निदेशक के रूप में नियुक्त है। क्या यह दान स्वीकार्य है?

नहीं। यह उस मंत्री और उनके परिवार को लाभान्वित करने के रूप में माना जा सकता है, भले ही इसे धर्मार्थ दान के रूप में वर्णित किया गया हो। सरकारी अधिकारियों के परिवारों के सदस्य उन्ही प्रतिबंधों के अधीन होते हैं जिनके अधीन स्वयं सरकारी अधिकारी होते हैं।

कार्यक्षेत्र में हितों और व्यक्तिगत संबंध का संघर्ष
क्या यह आपको एक अजीब स्थिति में डाल सकता है?

इसे करने से बचें या इस स्थिति का पता लगाने या
खुलासा करने के लिए जल्द से जल्द सलाह लें।

हमारा सिद्धांत

हम उन स्थितियों से बचते हैं जो हमारे व्यक्तिगत हितों और ट्रिलियम के हितों के बीच वास्तविक या कथित संघर्षों को जन्म दे सकती हैं। यदि ऐसी स्थितियां उत्पन्न होती हैं, तो हम हमेशा अपने प्रबंधक को लिखित रूप में इनका खुलासा करते हैं और किसी भी वास्तविक संघर्ष को कम करने के लिए हमारी भागीदारी के परिणामों को खुले तौर पर संबोधित करते हैं।

यदि हम, या हमारे परिवार के सदस्यों के व्यक्तिगत हित, वित्तीय हित, या अन्य कार्य जो ट्रिलियम के व्यवसाय के साथ संघर्ष करते हैं या कर सकते हैं, तो हितों के विवाद पैदा होते हैं और हम अपनेआप को समझौता करते हुए पा सकते हैं।

रिश्ते – अन्य ट्रिलियम कर्मचारियों और आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों और प्रतियोगियों के कर्मचारियों के साथ व्यक्तिगत संबंधों सहित, उन सभी संबंधों से बचना चाहिए, जो हमारे काम की जिम्मेदारियों को पूरा करना मुश्किल बनाते हैं या जो एक कथित संघर्ष को जन्म देते हैं।

ट्रिलियम फ्लो टेक्नोलॉजीज के बाहर का रोजगार दृ आपको किसी अन्य नियोक्ता द्वारा नियोजित नहीं किया जा सकता यदि ऐसा करने से आप ट्रिलियम के प्रति अपनी निर्धारित ड्यूटी पूर्ण करने से प्रतिबंधित होते हैं। इसके अलावा, कर्मचारियों को किसी भी व्यवसाय में व्यक्तिगत व्यवसाय प्रतिबद्धताएं (जैसे निर्देशन या परामर्श भूमिका) नहीं करनी चाहिए जो कि ट्रिलियम द्वारा संचालित व्यवसायों के जैसे हैं या उनके समान हैं या जो ट्रिलियम के साथ व्यापार करते हैं।

वित्तीय हित – आपके ऐसे वित्तीय हित नहीं होने चाहिए जो ट्रिलियम फ्लो टेक्नोलॉजीज के हितों के साथ संघर्ष कर सकते हैं, या दूसरों को संघर्ष होते प्रतीत हो सकते हैं, जब तक कि आपने संबंधित कंपनी के प्रबंध निदेशक से पहले से लिखित अनुमोदन प्राप्त नहीं किया हो।

हम निम्नलिखित बातें कभी नही करते

- ट्रिलियम कंपनी के जैसे क्षेत्र में एक और नौकरी करना या व्यक्तिगत प्रतिबद्धताएं बनाना, जबकि हम ट्रिलियम द्वारा नियोजित हैं।
- हमारे रोजगार पुरस्कारों और लाभों से परे व्यक्तिगत लाभ पाने के लिए, या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से व्यक्तिगत लाभ प्राप्त करने के लिए ट्रिलियम के भीतर हमारे ज्ञान, संपर्कों और पदों का लाभ उठाना।
- किसी भी पारिवारिक या करीबी व्यक्तिगत संबंधों (जो एक विवाद का रूप ले सकता है) को कार्यस्थल या संबंधित व्यवसाय में जाहिर न होने देने की अनुमति देंना)।

हम हमेशा निम्नलिखित बातें करते हैं

- ट्रिलियम और एक परिवार के सदस्य या दोस्त या किसी व्यवसाय के बीच किसी भी अनुबंध या व्यवसाय के सौदे में शामिल होने से बचते हैं जिनके वे मालिक हैं या जिसमें काम करते हैं या ऐसा वे किसी भी परिवार के सदस्य या मित्र को रोजगार न देकर करते हैं। हम अपने प्रबंधक या पर्यवेक्षक को लिखित रूप में ऐसे किसी भी प्रासंगिक व्यक्तिगत संबंधों की सूचना देते हैं और हम संबंधित निर्णय लेने की प्रक्रिया में कोई हिस्सा नहीं लेते हैं।
- किसी अन्य व्यवसाय के अधिकारी या निदेशक के रूप में सेवा करने के लिए हमारे प्रबंध निदेशक और ट्रिलियम लीगल से लिखित स्वीकृति प्राप्त करते हैं। (यह आम तौर पर एक गैर–लाभकारी संगठन, दान या पारिवारिक कंपनी के निदेशक या ट्रस्टी के रूप में सेवा के लिए दिया जाएगा, जब तक कि यह संभावित आपूर्तिकर्ता, ग्राहक या ट्रिलियम फ्लो टेक्नोलॉजीज का प्रतियोगी न हो)।
- यह सुनिश्चित करने के लिए हमारे स्वयं के व्यक्तिगत निवेश या व्यावसायिक हितों के साथ जागरूक हैं कि ट्रिलियम या उसके ग्राहकों या आपूर्तिकर्ताओं के हितों के साथ संभावित संघर्ष का कोई विरोध या धारणा नहीं है। (आम तौर पर, सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली संस्थाओं के शेयरों में होने वाले निवेश को तब तक विवाद का कारण नहीं माना जाएगा जब तक कि उन्हें अंदरूनी सूचना के आधार पर हासिल नहीं किया जाता)।
- यदि हम अपने व्यवसाय में या कार्यस्थल में किसी भी अंतरंग व्यक्तिगत संबंध में किसी भी तरह के हितों के टकराव को देखते हैं तो हमारे प्रबंधक या प्रबंध निदेशक या वित्त निदेशक को सूचित करते हैं और उनसे विचार–विमर्श करते हैं।
- विवादों को होने से रोकने या प्रतिबंधित करने के लिए सहमत किये गये समाधानों को स्वीकार करते हैं और सहयोग करते हैं।

Q&A

मुझसे एक दोस्त ने संपर्क किया है, जिसका बेटा ट्रिलियम में नौकरी के अवसरों के बारे में जानकारी ले रहा है। उनका मानना है कि मैं अपने पद का उपयोग कंपनी में अपने बेटे को भर्ती प्रक्रिया में 'हेड स्टार्ट' देने के लिए कर सकता हूं। क्या ऐसा करना ठीक है?

नहीं, आपको उसे कंपनी के संबंधित विभाग में आवेदन करने की सलाह देनी चाहिए। आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आप उस व्यक्ति की भर्ती में शामिल नहीं हैं, क्योंकि इससे हितों का टकराव हो सकता हैद्य आप उसे यह समझा सकते हैं कि उस पद के लिए कैसे आवेदन किया जाये, लेकिन इससे अधिक कुछ न करेंद्य

मेरे विभाग ने अभी–अभी दूसरे कर्मचारी के बेटे को काम पर रखा है। क्या इसकी अनुमति है?

हां, कभी–कभी परिवार के सदस्य एक ही विभाग में काम करते हैं। हालांकि, जब ऐसा होता है, तो हम वहाँ शमन नियंत्रण स्थापित करते हैं। हम सुनिश्चित करते हैं कि यह रिश्तेदार नियुक्ति, पर्यवेक्षण, नियोजन के नियमों और शर्तों को प्रभावित न करें, ना ही कर्मचारी के प्रबंधन को प्रभावित करें।

मुझे और जानकारी चाहिए, क्या कोई ऐसा है जिससे मैं बात कर सकूं?

- आपका मानव संसाधन प्रतिनिधि
- आपके पर्यवेक्षक या प्रबंधक, या आपके विभाग के अन्य वरिष्ठ कर्मचारी
- ट्रिलियम लीगल

गुणवत्ता, अंतर्ग्रहण और विविधता

हम समान अवसर प्रदान करने में विश्वास करते हैं।



हमारे सिद्धांत

हम अपने कर्मचारियों को निष्पक्ष और बिना भेदभाव के भर्ती और पदोन्नति देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम समान अवसर, आपसी सम्मान और सहयोग की संस्कृति का निर्माण करके विविधता की सक्रिय रूप से पहचान करते हैं।

निष्पक्ष रोजगार नीतिरू ट्रिलियम फ्लो टेक्नोलॉजीज ऐसा कोई निर्णय नहीं लेती और किसी भी ऐसे कारक से प्रभावित नहीं होती जिसका व्यक्ति की कार्य करने की क्षमता पर सीधा असर पड़ता है।

कार्यस्थल की विविधतारू इसका तात्पर्य एक समावेशी, सम्मानजनक वातावरण पाना है जो प्रत्येक व्यक्ति की विविधता को स्वीकार करता है, उनकी ताकत, कौशल और विशेषताओं को ग्रहण करता है और सभी कर्मचारियों को उनकी पूर्ण क्षमता प्राप्त करने के अवसर प्रदान करता है।

समावेशनरू हर किसी के पास योगदान करने के लिए कुछ न कुछ अद्वितीय गुण होता है और हम मानते हैं कि सक्रिय समावेश पार्श्व और मूल सोच को बढ़ावा देता है और कौशल और प्रतिभा को बढ़ावा देने और उसे दृढ़ करने और श्रेष्ठ संगठनात्मक प्रदर्शन प्राप्त करने का सबसे अच्छा तरीका है।

हम निम्नलिखित बातें कभी नही करते

- कर्मचारियों को योग्यता और कार्य प्रदर्शन और क्षमता के आधार के अलावा अन्य तरीके से विकास के अवसर प्रदान करना या पदोन्नत करना।
- किसी भी रूप में भेदभाव, धमकाने या उत्पीड़न का समर्थन करना।

हम हमेशा निम्नलिखित बातें करते हैं

- उस भूमिका के लिए सबसे अच्छा व्यक्ति नियुक्त करना।
- लोगों को समान आधार पर अवसर देना।
- उन देशों में लागू रोजगार कानूनों का सम्मान करना जहां हम संचालन करते हैं और सकारात्मक भेदभाव से संबंधित किसी भी राष्ट्रीय या स्थानीय नियमों का अनुपालन करना।
- कार्य वातावरण बनाए रखने के लिए कार्य करना और दूसरों का सहयोग करना जहां सभी सम्मानित हैं और जो भेदभाव, उत्पीड़न और धमकियों से मुक्त है।
- कार्यस्थल में विभिन्न जरूरतों और दृष्टिकोणों के लिए खुला और लचीला बने रहना।

मुझे और जानकारी चाहिए, क्या कोई ऐसा है जिससे मैं बात कर सकता हूं?

- आपका मानव संसाधन प्रतिनिधि
- आपके पर्यवेक्षक या प्रबंधक, या आपके विभाग के अन्य वरिष्ठ कर्मचारी
- ट्रिलियम लीगल

हम योग्यता के आधार पर लोगों को रोजगार देते हैं और उन्हें पदोन्नति देते हैं और विविध पृष्ठभूमि वाले लोगों को शामिल करते हैं।

उत्पीड़न, धमकाना और भेदभाव

हम अपने कार्यक्षेत्र में उत्पीड़न, धमकाने या भेदभाव को बर्दाश्त नहीं करते हैं।

हमारा सिद्धांत

हम अपने कर्मचारियों के साथ सम्मान और आदर के साथ पेश आते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि दूसरे भी ऐसा ही करें। हम उन व्यवहारों या कार्यों की अनुमति नहीं देते हैं जो उन लोगों को हीन, अपमानित, परेशान या धमकी पाया महसूस कराये जो हमारे लिए काम करते हैं या जो हमारे साथ काम करते हैं।

उत्पीड़न का अर्थ है किसी व्यक्ति या समूह के प्रति ऐसा व्यवहार या कार्य करना जो उन्हें भयभीत, अपमानित, अवांछित या खतरे में महसूस कराता है। मकाने का अर्थ है अपमानजनक, गालीगलौच, डराने वाली या धमकी भरी बात कहना या ऐसा करना, जो किसी अन्य व्यक्ति को परेशान, धमकाया हुआ, अपमानित या कमजोर महसूस कराता है, या उनके आत्मविश्वास को कम करता है।

भेदभाव का मतलब है एक निश्चित व्यक्ति या समूह के साथ जाति, लिंग, आयु, लिंग, धर्म, जाति, वर्ण, राष्ट्रीय मूल, विकलांगता, वास्तविक या कथित यौन उन्मुखता, लिंग पहचान, रोजगार का पद, या राजनीतिक संबद्धता जैसे कारकों के आधार पर अलग तरीके से व्यवहार करना।

हम निम्नलिखित बातें कभी नही करते

- दूसरों के साथ उत्पीड़न, धमकाना, या भेदभाव करना।
- अनुचित जोक्स या टिप्पणी करना, या गपशप या अफवाहों में भाग लेना, जो किसी और को अपमानित या परेशान कर सकती हैं।
- कार्यस्थल में किसी भी प्रकार की शारीरिक हिंसा को सहन करना।
- शारीरिक हिंसा के साथ किसी सहयोगी को धमकी देना।
- इस तरह से कार्य करना जो अस्वीकार्य या अनुचित है या जो दूसरों के लिए अपराध का कारण बन सकता है या कंपनी को विवाद में ला सकता है।

हम हमेशा निम्नलिखित बातें करते हैं

- उत्पीड़न, धमकाना और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाना।
- दूसरों का सहयोग करना जो इस तरह के व्यवहार को चुनौती देते हैं या रिपोर्ट करते हैं।

Q&A

एक विभागीय प्रमुख एक नए डिप्टी की भर्ती करना चाहता है। हालांकि विज्ञापन में उम्र के बारे में कुछ नहीं कहा गया है, उन्होंने मुझे संकेत दिया है कि वह एक निश्चित आयु से ऊपर के उम्मीदवारों को अस्वीकार कर रहा है। मैं जानता हूँ कि यह गलत है। मुझे क्या करना चाहिए?

उम्र के आधार पर भेदभाव करने की अनुमति नहीं है और यह कुछ देशों में अवैध है। अपने मानव संसाधन प्रतिनिधि से मार्गदर्शन लें।

मानवाधिकार सिद्धांत

हम मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं।

हमारा सिद्धांत

हम उन सभी लोगों के मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं जो हमारे लिए या हमारे साथ काम करते हैं या समुदायों के वे लोग जिनमें हम संचालन करते हैं। हम दुनिया भर में किसी का भी शोषण नहीं करेंगे जहाँ भी काम कर रहे हैं। हम उन कंपनियों, संगठनों या व्यक्तियों के साथ व्यवसाय नहीं करेंगे जिनके बारे में हमारा मानना है कि वे तुलनात्मक रूप से आम तौर पर स्वीकृत मानवाधिकार मानकों पर काम नहीं कर रहे हैं ।

हम निम्नलिखित बातें कभी नही करते

- बाल श्रमिक, आधुनिक दासता, श्रम या जबरदस्ती श्रम के किसी भी रूप का उपयोग करना और न ही हमारी आपूर्ति श्रृंखला में हमारे ज्ञान के अनुसार ऐसा किया जाता है।
- किसी अपवादात्मक या आपातकालीन स्थिति के अलावा काम करने के दौरान अत्यधिक काम के घंटों को सहन करना।
- अन्य कंपनियों के साथ काम करना जिन्हें हम जानते हैं या संदेह करते हैं कि वे हमारे मानव अधिकारों के सिद्धांतों का सम्मान नहीं कर रहे हैं।
- अपने कर्मचारियों को काम करने की उन नियमों या शर्तों को अपनाने के लिए समझाना या उन्हें मनाने की कोशिश करना जो ट्रिलियम के मानवाधिकार सिद्धांतों के अनुरूप नही हैं।

हम हमेशा निम्नलिखित बातें करते हैं

- हमारे कर्मचारियों और अन्य लोगों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और भलाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देना।
- मजदूरी और कामकाजी परिस्थितियों पर राष्ट्रीय कानूनों का अनुपालन करना जहां हम काम करते हैं।
- मानवाधिकार नीति, आधुनिक दासता कथन और किसी भी ट्रिलियम नीतियों का अनुपालन करना जो उन लोगों के अधिकारों को समाहित करती हैं जो हमारे लिए या हमारे साथ काम करते हैं, या अन्यथा हमारे कार्यों से प्रभावित होते हैंद्य

मुझे और जानकारी चाहिए, क्या कोई ऐसा है जिससे मैं बात कर सकता हूं?

- आपके पर्यवेक्षक या प्रबंधक, या आपके विभाग के अन्य वरिष्ठ कर्मचारी
- आपका मानव संसाधन प्रतिनिधि
- ट्रिलियम लीगल

तीसरे पक्ष के साथ काम करते समय ईमानदारीपूर्वक काम करना

हम सभी को एक समान उच्च मानकों पर काम करना चाहिए।

हमारा सिद्धांत

तृतीय पक्षों के साथ जुड़ाव हमारी सफलता के लिए महत्वपूर्ण है और हम सभी के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि वे इस आचार नियमावली के समतुल्य मानकों को अपनाएं।

हम निम्नलिखित बातें कभी नही करते

- बिना किसी जांच पड़ताल के किसी नए साथी का चयन करना कि वे अपने व्यवसाय को कैसे करते हैं और बिना संतुष्ट होकर कि वे इसे ऐसे तरीके से करते हैं जो ट्रिलियम के नैतिक मानकों के अनुरूप है।
- ऐसे व्यवहार को अनदेखा करना जो इस आचार नियमावली की आवश्यकताओं के साथ असंगत हो।

हम हमेशा निम्नलिखित बातें करते हैं

- हमारे व्यवहार में ईमानदार और पारदर्शी हैं।
- ऐसे रिश्ते बनाने का प्रयास करते हैं जो स्थायी हो।
- हमारे हितधारकों के साथ सम्मान के साथ व्यवहार करना।

ऐसे रिश्ते बनाने का प्रयास करते हैं जो स्थायी हो

हमारे एजेंटों और हमारी तरफ से काम करने वाले लोगों के साथ व्यवहार में ईमानदारी लाना

हम सभी एजेंटों से अपेक्षा करते हैं कि वे हमारे ग्राहकों और प्रतिस्पर्धियों के साथ नैतिक रूप से व्यवहार करें।

हमारा सिद्धांत

ट्रिलियम एक प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय समूह है। हम ट्रिलियम व्यवसायों द्वारा नियुक्त एजेंटों को अनैतिक व्यवहार या भ्रष्ट आचरण में संलग्न कर हमारी नैतिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं देंगे। इस प्रकार, ट्रिलियम द्वारा नियुक्त एजेंटों को ट्रिलियम आचार नियमावली का पालन करना अनिवार्य है। यदि एजेंट हमारे नियमावली का पालन नहीं करते तो हम उनके साथ काम नहीं करेंगे।

एक एजेंट कोई व्यक्ति या कोई इकाई है जो किसी भी प्रस्तावित या वास्तविक व्यवहार या गतिविधि में ट्रिलियम का प्रतिनिधित्व करता है, और इसमें सरकारी एजेंसियों या निजी पार्टियों के सामने ट्रिलियम का प्रतिनिधित्व करना शामिल हो सकता है। इन एजेंटों में बिक्री प्रतिनिधि, लॉबीस्ट, फ्रेट फारवर्डर और सीमा शुल्क दलाल शामिल होते हैं।

हम निम्नलिखित बातें कभी नही करते

- सावधानीपूर्वक जाँच और आंतरिक अनुमोदन के बिना किसी एजेंट की नियुक्ति करना।
- एजेंटों को ट्रिलियम के लिए काम पाने हेतु रिश्वत देने की अनुमति देना।
- अपने पारिश्रमिक पर कर का भुगतान करने से बचने के लिए एजेंटों की सहायता करना।

हम हमेशा निम्नलिखित बातें करते हैं

- एजेंट द्वारा हमारे लिए कोई भी कार्य करने से पहले एक हस्ताक्षरित एजेंसी समझौता करना।
- किसी भी कमीशन या मुआवजे का भुगतान करने से पहले एजेंट से वैध चालान प्राप्त करना।
- सुनिश्चित करना कि हम पूरी तरह से समझते हैं कि एजेंट हमारी ओर से क्या कर रहा है।
- स्वयं को संतुष्ट करना कि एजेंट के काम करने का तरीका हमारे नैतिक मानकों के साथ संघर्ष नहीं करता।
- एजेंट को स्पष्ट रूप से बताना कि ट्रिलियम द्वारा रिश्वत और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाता।
- हमारे नियमों को तोड़ने वाले एजेंटों के साथ समझौते को समाप्त करना।
- एजेंट को लिखित रूप में यह पुष्टि करने की आवश्यकता है कि वे ट्रिलियम की आचार नियमावली के अनुसार काम करेंगे।

Q&A

हमारे एजेंट का कहना है कि वह मुझे एक प्रतियोगी की नीलामी की बोली की प्रति लाकर दे सकता है ताकि मैं उस प्रतियोगी की कीमत से कम बोली लगा सकूं।

यह बर्दाश्त नहीं किया जाता – न केवल यह बेईमानी है, बल्कि यह प्रतिस्पर्धी–विरोधी प्रथाओं के नियमों का उल्लंघन करता है।

हमारे एजेंट ने मुझे कुछ अतिरिक्त कमीशन जोड़ने के लिए कहा है ताकि वह हमारी बोली में मदद करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति को भुगतान कर सके।

ट्रिलियम लीगल स्वीकृति के बिना समझौते में कमीशन की दर बदली नहीं जा सकती। यदि एजेंट के व्यावसायिक व्यय वैध हैं, जिसके लिए ट्रिलियम ने प्रतिपूर्ति करने के लिए सहमति व्यक्त की है, तो इन्हें दस्तावेज करने की आवश्यकता है और इसे हमारे सामान्य वित्त नियमों के अनुसार ऑडिट किया जाएगा। यदि एजेंट काम करने के लिए किसी अन्य पार्टी को भुगतान करने का प्रस्ताव दे रहा है, तो आपको यह जानने की आवश्यकता है कि वास्तव में किसे भुगतान किया जा रहा है, और कितनाय यदि वह व्यक्ति किसी भी तरह से उस ग्राहक के साथ जुड़ा हुआ है, या वह राशि बहुत ज्यादा प्रतीत होती है, तो यह भुगतान अनुचित और संभवतः अवैध होगा।

एजेंट चाहता है कि हम उसके कमीशन का भुगतान एक कर–मुक्त स्थान पर स्थित बैंक खाते में करें।

ट्रिलियम वाणिज्यिक एजेंट और वितरक पुस्तिका में एजेंट के बैंक खाते के बारे में नियम होते हैं। कमीशन का केवल किसी अनुमोदित बैंक खाते में ही भुगतान किया जा सकता है।

मैंने ग्राहकों या प्रतियोगियों से अफवाहें सुनी हैं कि हमारा एजेंट अनैतिक व्यवहार कर रहा है।

यदि आपके पास एजेंट के व्यापार करने के तरीके के बारे में कोई संदेह है, तो आपको ट्रिलियम लीगल को इसके विवरण को जितनी जल्दी हो सके रिपोर्ट करने की आवश्यकता है ताकि ट्रिलियम तुरंत इन तथ्यों की जांच कर सके। वह काम मिलने या जोखिम दंड पाने और प्रतिष्ठा खोने की तुलना में, बोली खोना और अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखना बेहतर है।

मुझे और जानकारी चाहिए, क्या कोई ऐसा है जिससे मैं बात कर सकूं?

- कंपनी या क्षेत्रीय वित्त निदेशक
- ट्रिलियम लीगल

प्रतियोगिता और विश्वास–विरोधी कानून

हम हमेशा व्यापार में निष्पक्ष रूप से प्रतिस्पर्धा करते हैं – यह कार्य करने का एकमात्र तरीका है।

हमारा सिद्धांत

हम इस तरह से कार्य करते हैं जो खुली और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को सुनिश्चित करता है और हम कोई अनुचित प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्राप्त नहीं करते। प्रतिस्पर्धा और विश्वास विरोधी कानून मुक्त उद्यम की रक्षा करते हैं और ऐसे व्यवहार को प्रतिबंधित करते हैं जो व्यापार को सीमित करते हैं या जो निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को प्रतिबंधित करते हैं। ये कानून मूल्य–निर्धारण, बाजार साझाकरण या बोली–डालने की साजिशों, या व्यवहारों जैसे गैरकानूनी प्रथाओं का मुकाबला करते हैं जिनका उद्देश्य एकाधिकार प्राप्त करना या बनाए रखना है। प्रतिस्पर्धी–विरोधी प्रथाएं अस्वीकार्य हैं और ट्रिलियम के व्यवसाय और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाएंगी।

प्रतिस्पर्धा / विश्वास विरोधी कानून – हम यह सुनिश्चित करते हैं कि जिन देशों में हम कार्य करते हैं, हमें उन देशों में संबंधित प्रतिस्पर्धा और अविश्वास कानूनों का ज्ञान रहे। जहां इस तरह के कोई कानून सीधे लागू नहीं होते, फिर भी हम ऐसे तरीके से काम करना चाहते हैं जो आम तौर पर स्वीकृत अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा कानून सिद्धांतों के अनुरूप हो। प्रत्येक देश में प्रतिस्पर्धा कानून अलग–अलग हैं। आम तौर पर, वे प्रतिस्पर्धात्मक बाजार प्रथाओं जैसे कि आपसी सांठगाँठ को प्रतिबंधित करते हैं।

हम कभी भी निम्नलिखित बातें नही करते

- मान लेना कि कोई एक बात सही है क्योंकि हमारे प्रतियोगी ऐसा कर रहे हैं – हम अपने लिए तथ्य स्थापित करते हैं।
- प्रतियोगियों के साथ किसी भी बातचीत, बैठकों, ई–मेल एक्सचेंज या अन्य संचारों में शामिल होना, जो प्रतिस्पर्धी–विरोधी हो सकते हैं या उस रूप में देखे जा सकते हैं।
- ऐसा कुछ भी करना जो यह आभास दे सकता है कि ट्रिलियम प्रतिस्पर्धी–विरोधी व्यवहार में भाग ले रहा था।
- किसी अन्य पार्टी के सहयोग से ट्रिलियम के मूल्य निर्धारण, उत्पादन, ग्राहकों और बाजारों पर कोई निर्णय लेना। इस तरह के किसी भी निर्णय को केवल ट्रिलियम द्वारा लिया जाना चाहिए।
- प्रतियोगियों के साथ चर्चा करना कि ट्रिलियम के साथ कौन से आपूर्तिकर्ता, ग्राहक या ठेकेदार सौदा करते हैं या सौदा करेंगे या कौन से बाजार में ट्रिलियम बिक्री करने की इच्छा रखता है या ट्रिलियम किन शर्तों पर सौदा करेगा।

हम हमेशा निम्नलिखित बातें करते हैं

- प्रतिस्पर्धी जानकारी प्राप्त करने के लिए वैध साधनों का उपयोग करना।
- हमारे प्रतियोगियों और अन्य तृतीय पक्षों की गोपनीय जानकारी और बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान करना।
- प्रतिस्पर्धियों के साथ व्यवहार करने में बहुत सावधानी बरतनारू उनके साथ कोई भी समझौता प्रतिस्पर्धा विरोधी हो सकता है, जिसमें ऐसे समझौते या व्यवहार शामिल हैं जो लिखे नही गए हैं।
- यदि प्रतिस्पर्धात्मक रूप से संवेदनशील मुद्दे उठते हैं तो उद्योग की बैठकों को छोड़ देना और ट्रिलियम लीगल से तुरंत इस मामले की रिपोर्ट करना।
- यदि हमें किसी संभावित प्रतिस्पर्धा–विरोधी प्रथाओं के बारे में जानकारी होती है या होने संदेह करते हैं या यदि हम अनिश्चित हैं कि ये प्रथाएं कानूनी हैं या नहीं तो ट्रिलियम लीगल को इसकी जानकारी देना।

Vkyh tku okyh fLFkfr;k

,Dlik] 0;kikj lxBuk dh cBdi] vkj vU; 0;kikfjd lHkk,¡ mi;kxh gkrh gA gkykfd] tc çfr;kxh ,d lkFk gkr gj] rk çfrLi/kk d dkuuk dk de&l&de gkfujfgr rjhdk l rkMu dh lHkkouk gkrh gA çfr;kfx;k d lkFk foi.ku ;k eY; fu/kkj.k ;k tukvk t¡l vufpr fo"k;k d ckj e ckr u dj¡A ;fn dkbZ ckrphr vufpr gk tkrh g] rk mu ykxk dk –<rk l vkj Li"V :i l crk,¡ fd vki ble Hkkx ugh yx vkj ;gk l py tk;xA vkidk bldh lpuk rjr fVfy;e yhxy dk nuh pkfg,A çfr;kfxrk dkuuk dk mYy?ku dju ij xHkhj ukxfjd vkj vkijkf/kd nM gk ldrk g] ftle t¡ekuk] euQk okil yuk vkj] 0;fä;k d fy, dkjkokl gkuk 'kkfey gA

आयात, निर्यात, और व्यापार नियंत्रण

हम हमेशा कानूनी और उचित रूप से व्यापार करेंगे।

हमारा सिद्धांत

हम सभी वैध अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और सभी व्यापार कानूनों के अनुसार व्यापार करते हैं, जिसमें उन देशों में सभी आयात और निर्यात नियम शामिल हैं, जहां हम काम करते हैं। हम अवैध या अनौपचारिक व्यापार प्रतिबंधों का पालन नहीं करेंगे ना ही निषिद्ध प्रतिबंधात्मक व्यापार प्रथाओं में भाग लेंगे।

प्रतिबंध एक विशिष्ट राज्य या संयुक्त राष्ट्र या यूरोपीय संघ जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा लगाए गए कर्ताओं या व्यक्तिगत देशों के खिलाफ व्यापार प्रतिबंध होते हैं। प्रतिबंध कार्यक्रमों का अनुपालन अनिवार्य है और इनके गैर–अनुपालन के लिए दंड गंभीर हो सकता है।

आयात और निर्यात अनिवार्यताओं को राष्ट्रीय कानूनों या बड़ी आर्थिक संस्थाओं (जैसे ईयू) के विनियमों द्वारा स्थापित किया जाता है। कुछ उत्पादों (जैसे कि सैन्य या परमाणु उपयोग के लिए) और कुछ देशों या ग्राहकों के लिए के निर्यात के लिए विशिष्ट, सख्त अनिवार्यताएँ हैं।

संयुक्त राज्य अमेरिकारू अमेरिका में ट्रिलियम द्वारा संचालित कंपनियों और दुनिया में कहीं भी किसी भी ट्रिलियम कंपनी में काम करने वाले अमेरिकी नागरिकों पर अतिरिक्त प्रतिबंध लागू होते हैं। गैर–अनुपालन के लिए दंड में व्यक्तियों के कारावास, भारी जुर्माना और ट्रिलियम के खिलाफ प्रतिबंध शामिल हो सकते हैं।

हम निम्नलिखित बातें कभी नही करते

- व्यापार प्रतिबंधों, आयात और निर्यात विनियमों, या ट्रिलियम स्क्रीनिंग अनिवार्यताओं को पाने के प्रयास में व्यापार प्रलेखन में गलत बयान देना।

हम हमेशा निम्नलिखित बातें करते हैं

- सुनिश्चित करना कि हम उन देशों में आयात और निर्यात नियमों को समझते हैं और उनका पालन करते हैं जहां हम व्यापार करते हैं।
- सुनिश्चित करना कि हम सभी आवश्यक आयात और निर्यात लाइसेंस प्राप्त करें।
- सभी वैध क्षेत्रीय शासनों का अनुपालन करना।
- सैन्य या परमाणु उपयोग के लिए या सैन्य या सरकारी ग्राहकों के लिए उपयोग किए जाने वाले सामानों के निर्यात के साथ अतिरिक्त सावधानी बरतना जिसमें प्रतिपक्ष स्क्रीनिंग प्राप्त करना (हमेशा ट्रिलियम लीगल के साथ जांच करना) शामिल है।
- ट्रिलियम लीगल से बात करना यदि हम अनिश्चित हैं कि क्या करना है या क्या हम व्यापार प्रतिबंध या व्यापार विनियमन मुद्दे का सामना कर रहे हैं और
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के बारे में सभी ट्रिलियम आंतरिक नियमों का पालन करना।

Q&A

हमने एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके लिए हमें एक निर्यात लाइसेंस की आवश्यकता है। हमने अभी तक इस लाइसेंस के लिए आवेदन नहीं किया है लेकिन विश्वास है कि इसे पाने के लिए अभी बहुत समय और यह पाना कोई समस्या नहीं होगी। क्या यह ठीक है?

यदि आपको अनुबंध करने के लिए इस लाइसेंस की आवश्यकता है, तो अनुबंध पर हस्ताक्षर करते समय या तो यह आपके पास होना चाहिए या अनुबंध का समय पर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए जोखिम को प्रबंधित करने के लिए स्पष्ट, भरोसेमंद योजनाएं होनी चाहिए और समय पर लाइसेंस प्राप्त करना चाहिए। आपको यह सुनिश्चित करने के लिए लॉजिस्टिक्स टीम और जरूरत पड़ने पर ट्रिलियम लीगल के साथ मिलकर काम करना चाहिए कि आप कंपनी को अनावश्यक जोखिम में तो नही डाल रहे हैं।

मुझे और जानकारी चाहिए, क्या कोई ऐसा है जिससे मैं बात कर सकू?

- आपकी स्थानीय लॉजिस्टिक्स टीम
- प्रबंध या वित्त निदेशक

कंपनी सिस्टम्स और जानकारी का उपयोग

हम कंपनी की सूचना प्रणाली का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करते हैं – इसमें कोई भी व्यक्तिगत उपयोग भी शामिल है।

हमारा सिद्धांत

ट्रिलियम फ्लो टेक्नोलॉजीज अपने व्यवसायों के उपयोग के लिए सुरक्षित और प्रभावी सूचना प्रणाली बनाए रखना चाहती है। यह सुनिश्चित करने के लिए हम सभी की व्यक्तिगत जिम्मेदारियां हैं कि हम अपने आईटी सिस्टम और उपकरणों का उचित उपयोग करें और उनके भीतर डेटा की सुरक्षा बनाए रखें।

हमें यह भी याद रखना चाहिए कि बाहरी पक्षों को ई–मेल भेजने के कानून में वही प्रभाव हो जो लिखित संचार के अन्य रूपों में होता है। जब तक हम ऐसा करने के लिए अधिकृत नहीं होते हैं, हम ई–मेल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक संचार नहीं भेजेंगे जो ट्रिलियम या उसके किसी भी व्यवसाय से संबंधित अभ्यावेदन, संविदात्मक प्रतिबद्धता या किसी अन्य रूप में बयान करते हैं।

हम ई–मेल भेजने के लिए और व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए इंटरनेट का उपयोग करने के लिए कभी–कभी ट्रिलियम सूचना प्रणाली का उपयोग कर सकते हैं, लेकिन हम तब ऐसा नहीं कर सकते यदि हम ऐसी सामग्री का उपयोग या वितरण कर रहे हैं जो अनुचित या अवैध है या यदि हम ट्रिलियम आईटी सिस्टम या उपकरण की सुरक्षा जोखिम में डाल रहे हैंद्य यह व्यक्तिगत उपयोग निजी या गोपनीय नहीं होता, और ट्रिलियम यह सुनिश्चित करने के लिए ई–मेल और इंटरनेट के उपयोग की निगरानी कर सकता है कि यह ट्रिलियम की नीतियों का अनुपालन करता है।

कंपनी की सूचना प्रणाली ट्रिलियम कर्मचारियों के उपयोग के लिए प्रदान किए जाने वाले सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन, कंप्यूटर और संचार उपकरण हैं।

इसमें शामिल हैः

- कंपनी के व्यावसायिक एप्लीकेशन और उनके द्वारा संग्रहित और संसाधित किए गए डेटा तक पहुंच।
- डेस्कटॉप, लैपटॉप और मोबाइल ६ हाथ में पकड़ने वाले कंप्यूटर और संचार उपकरण।
- इंटरनेट एक्सेस सहित सर्वर कंप्यूटर और नेटवर्क उपकरण ।
- पोर्टेबल मेमोरी डिवाइस जैसे कि यूएसबी मेमोरी स्टिक, रिमूवेबल हार्ड–ड्राइव, यूएसबी ड्राइव और सीडी ६ डीवीडी।
- वीडियो और ऑडियो संचार उपकरण जिसमें डेस्कटॉप और मोबाइल फोन, वीडियो–कॉन्फ्रेंसिंग उपकरण और व्यक्तिगत वेब–कैम शामिल हैं।
- कार्यालय प्रौद्योगिकी जैसे प्रिंटर, स्कैनर और फैक्स मशीन।
- डेटाबेस, इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज, ई–मेल और वॉइसमेल सहित इन प्रणालियों द्वारा संग्रहित और संचारित डेटा।
- सभी सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन और सिस्टम।

हम निम्नलिखित बातें कभी नही करते

- ट्रिलियम को ऑनलाइन गलत तरीके से प्रस्तुत करना।
- काम करते समय वैध व्यावसायिक उद्देश्यों (जैसे यममेर) के लिए सोशल नेटवर्किंग साइटों पर जाना।
- कंपनी के टेलीफोन या कंप्यूटर का अत्यधिक व्यक्तिगत उपयोग करना।
- किसी भी व्यक्तिगत डेटा की मास्टर कॉपी को बनाए रखने के लिए कंपनी के उपकरणों पर भरोसा करना।
- कंपनी की सूचना प्रणालियों का उपयोग करके अनुचित या अवैध वेबसाइटों (जैसे अश्लील, हिंसक या नस्लवादी सामग्री वाली साइट) पर जाना।
- किसी भी ऐसी सामग्री को एक्सेस करने, बनाने या वितरित करने के लिए ट्रिलियम कंप्यूटर सिस्टम का उपयोग करना जो आक्रामक या अवैध है, या अवैध रूप से प्राप्त की गई है।
- कंपनी के कंप्यूटरों पर अनधिकृत या बिना लाइसेंस वाला सॉफ्टवेयर स्थापित करना।
- बाहरी डेटा भंडारण उपकरणों (जैसे यूएसबी मेमोरी स्टिक, सीडी ६ डीवीडी रायटर) का उपयोग करना जब तक कि उन्हें कंपनीके आईटी विभाग द्वारा अनुमोदित नहीं किया जाता और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है। हमें ध्यान रखना चाहिए कि इन उपकरणों के साथ लापरवाही न बरतें और न ही इन्हें खोएं।
- अपने स्वयं के व्यक्तिगत उपयोग के लिए या दूसरों के उपयोग के लिए ट्रिलियम सिस्टम पर संग्रहित जानकारी की प्रतियां लेना।
- अनुमति प्राप्त किए बिना, किसी भी ट्रिलियम सुविधा, या ग्राहकों या आपूर्तिकर्ताओं से संबंधित सुविधाओं में तस्वीरें, वीडियो या ध्वनि रिकॉर्डिंग लेना।

हम हमेशा निम्नलिखित बातें करते हैं

- ट्रिलियम आईटी सुरक्षा नीतियों का अनुपालन करना, जिसमें पासवर्ड, एंटी–वायरस सॉफ्टवेयर का उपयोग, और नियमित बैक–अप करना शामिल है।
- कंपनी के आईटी उपकरण जितना संभव हो सुरक्षित रखना, विशेष रूप से लैपटॉप और कोई भी बाहरी डेटा स्टोरेज, जिसमें कंपनी की जानकारी होती है।
- सोशल नेटवर्किंग साइटों का हमारे व्यक्तिगत और, जहां उचित हो, व्यावसायिक उपयोग के संबंध में सोशल मीडिया दिशानिर्देशों का पालन करना।
- आपका मानव संसाधन प्रतिनिधित्व (सोशल मीडिया के उपयोग के संबंध में)
- याद रखें कि ट्रिलियम स्थानीय शासन कानूनों के अधीन अपने कंप्यूटर और संचार प्रणालियों के उपयोग की निगरानी कर सकता है, इसलिए गोपनीयता की उम्मीद नहीं की जा सकती है यदि वे व्यक्तिगत या गैर–कार्य उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाते हैं।
- जानकारी को कंपनी की संपत्ति के रूप में मानना और ट्रिलियम सिस्टम के माध्यम से जिस जानकारी तक हमारी पहुंच है उस सभी का गोपनीय जानकारी के रूप में व्यवहार करना।
- आईटी उपकरणों का सुरक्षित रूप से और स्थानीय कानूनों के अनुसार उपयोग करना।
- यह सुनिश्चित करना कि ट्रिलियम सिस्टम में सभी जानकारी अप–टू–डेट है और कंपनी और सहयोगियों के लाभ के लिए सटीक है।
- किसी भी उपकरण या डेटा की हानि, या किसी भी संदिग्ध सुरक्षा उल्लंघन की, जैसे ही यह ज्ञात हो या संदेह हो, हमारे आईटी विभाग को रिपोर्ट करना।

मुझे और जानकारी चाहिए, क्या कोई ऐसा है जिससे मैं बात कर सकूं?

- आईटी विभाग
- सोशल मीडिया दिशानिर्देश

ऑनलाइन दुनिया तक उसी तरह से पहुँचें जैसे आप भौतिक रूप में करते हैं

– दृढ़ निर्णय और सामान्य ज्ञान का उपयोग करते हुए। सटीक, सच्छे बने और, ट्रिलियम या जिन उद्योगों में हम काम करते हैं, उनके बारे में अपनी संबद्धता प्रकट करें और बताएं कि व्यक्त किए गए विचार आपके अपने हैं। आधिकारिक और व्यक्तिगत खातों के बीच भ्रम से बचने के लिए, आपके खाते या उपयोगकर्ता नाम में 'ट्रिलियम' या हमारे किसी भी ब्रांड, उत्पाद या विभागीय नाम शामिल नहीं होने चाहिए (www.twitter-com/SarahFromTrillium जैसे नामों से बचें)।

आप जो भी ऑनलाइन पोस्ट करते हैं, उसे किसी भी व्यक्ति द्वारा देखा जा सकता है, भले ही बाद में इसे हटा दिया जाए या आपके पास गोपनीयता नियंत्रण हो।

- किसी भी मालिकाना जानकारी, संबद्धता, व्यापार रहस्य, विचारों या बौद्धिक संपदा का खुलासा न करें, न ही ऐसी सामग्री साझा करें जो संवेदनशील, निजी या गोपनीय हो।
- हमारे उत्पादों की विशेषता वाली तस्वीरें पोस्ट न करें जो अभी तक सार्वजनिक रूप से जारी नहीं हुई हैं, क्षतिग्रस्त हैं, या परीक्षण के रूप में हैं। यदि आप ग्राहकों की या आपूर्तिकर्ताओं की सुविधाओं की तस्वीरें पोस्ट करना चाहते हैं, तो सुनिश्चित करें कि ऐसा करने से पहले आपके पास उनकी स्वीकृति हो। यदि आप अनिश्चित हैं, तो मार्गदर्शन के लिए कृपया social@trilliumflow-com पर ईमेल करें।
- अपने दर्शकों का सम्मान करें। याद रखें कि आप जो कुछ भी कहते हैं या प्रकाशित करते हैं, वह इस बात का आभास देता है कि हम कैसे काम करते हैं– चीजों को गलत तरीके से लिया जा सकता है, विशेष रूप से विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों में उन्हें गलत माना जा सकता है। सुनिश्चित करें कि आपके ऑनलाइन योगदान सार्थक, उद्देश्यपूर्ण और व्यवसायिक हैं।

हम जानते हैं कि आप ट्रिलियम के बारे में संवेदनशील हैं और हमारी प्रतिष्ठा को बचाने में मदद करना चाहते हैं। हालांकि, हम अपनी संचार टीम के माध्यम से ऑनलाइन और ऑफलाइन सभी आधिकारिक संचारों का सावधानीपूर्वक प्रबंधन करते हैं। यदि आपको ऑनलाइन ऐसा कुछ दिखाई देता है, जिसके लिए आपको किसी आधिकारिक प्रतिक्रिया की आवश्यकता होती है, तो इसे हमारे ध्यान में लाने के लिए कृपया social@trilliumflow-com पर ईमेल करें।

अंत में, कानून, हमारी आचार नियमावली, और आपके द्वारा उपयोग की जा रही सोशल नेटवर्किंग साइट के नियमों और शर्तों का पालन करें।

कंपनी की संपत्ति और संसाधन का उपयोग

कंपनी के संसाधनों की सुरक्षा करना संपूर्ण कंपनी की व्यापक जिम्मेदारी है।

हमारा सिद्धांत

हम ट्रिलियम की सभी संपत्ति और संसाधनों की रक्षा करते हैं और अपने ग्राहकों और अन्य तृतीय पक्षों की संपत्ति के साथ यही सावधानी बरतते हैं। हम सभी कंपनी की संपत्ति और संसाधनों को सुरक्षित रखने और उनका सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए जिम्मेदार हैं, जिनके पास हमारी पहुंच है। हम यह सुनिश्चित करते हैं कि उन्हें खोया न जाये, वे क्षतिग्रस्त न हो, उनका दुरुपयोग न हो और न ही उन्हें बर्बाद किया जाये। हम इन परिसंपत्तियों को तब तक उधार नहीं देते हैं, न ही हस्तांतरित करते हैं, न ही बेचते हैं, न ही इन परिसंपत्तियों को किसी को देते हैं, जब तक कि इसे ठीक से अनुमोदित नहीं किया गया हो। हम कभी भी व्यक्तिगत लाभ के लिए उनका उपयोग नहीं करते।

कंपनी की संपत्ति और संसाधनों का तात्पर्य भौतिक संपत्ति और अमूर्त संपत्ति दोनों से है। भौतिक संपत्ति में शामिल हैं, उदाहरण के लिए, संपत्ति, उपकरण, सामग्री, आपूर्ति और नकदी। अमूर्त संपत्ति में शामिल हैं, उदाहरण के लिए, कंपनी की जानकारी, बौद्धिक संपदा, हमारे ब्रांडों का मूल्य और कर्मचारी का समय और प्रतिभा।

हम निम्नलिखित बातें कभी नही करते

- गैर–काम के लिए कंपनी की संपत्ति और संसाधनों का उपयोग करना, जब तक कि यह हमारी नीतियों द्वारा अनुमत न हो।
- व्यय प्रणाली का दुरुपयोग करना या उस धनराशि का दावा करना जिसे ट्रिलियम व्यवसाय पर खर्च न किया गया हो, या
- दूसरों को व्यापार की जानकारी देना।

कंपनी की संपत्ति और संसाधनों का तात्पर्य भौतिक संपत्ति और अमूर्त संपत्ति दोनों से है।

हम हमेशा निम्नलिखित बातें करते हैं

- सुनिश्चित करना कि भौतिक संपत्ति का रखरखाव ठीक से हो।
- कंपनी के संपत्ति और संसाधनों का उपयोग केवल अधिकृत उद्देश्यों के लिए करना।
- सुनिश्चित करना कि कंपनी के उपकरण और संपत्ति सुरक्षित हैं या उपयोग में न होने पर ताले में बंद हैं।
- अचल संपत्तियों और इन्वेंट्री के अच्छे से रिकॉर्ड रखना।

वित्तीय रिकॉर्ड, नियंत्रण, और रिपोर्टिंग

हमारे वित्तीय रिकॉर्डों में हमारी व्यावसायिक गतिविधियों का सटीकतापूर्वक रिकॉर्ड रखना अनिवार्य हैद्य

हमारा सिद्धांत

हम यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी भूमिका निभाते हैं कि ट्रिलियम फ्लो टेक्नोलॉजीज कंपनियों के दस्तावेज, रिकॉर्ड और वित्तीय जानकारी पूर्ण, सत्य और सटीक हो। इसमें यह सुनिश्चित करते हुए बिक्री इनवॉइस के लिए सटीक जानकारी प्रदान करना शामिल है, कि नए कर्मचारी करों की जानकारी तुरंत प्रस्तुत की जाती है, और यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारे समय पत्रक या खर्च के फॉर्म्स सही हैं।

संभावित धोखाधड़ी या मनी लॉन्ड्रिंग को रोकने और तलाशने की जिम्मेदारी हम सभी की है। हम अपने कारोबार और वित्तीय रिकॉर्ड की ईमानदारी सुनिश्चित करने के लिए ट्रिलियम की वित्तीय नियंत्रण प्रणाली का पालन करने के लिए भी जिम्मेदार हैं। इसके उदाहरणों में भुगतान निर्देशों पर खरीद चालान और काउंटर–हस्ताक्षर की जांच करने और अधिकृत करने के लिए व्यक्तिगत कंपनी प्रक्रियाओं का पालन करना शामिल है।

वित्त कर्मचारियों और कंपनी प्रबंधन टीमों को भी ट्रिलियम की प्रासंगिक वित्त पुस्तिकाओं में वर्णित अपनी जिम्मेदारियों को समझना चाहिए और उन्हें उन पुस्तिकाओं में निहित दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए।

हम निम्नलिखित बातें कभी नही करते

- जानबूझकर गलत या भ्रामक जानकारी दर्ज करना या दूसरों को गलत वित्तीय डेटा देना।
- व्यवसाय का कोई भी लेन–देन छिपाना या रिपोर्ट करने में विफल होना।

हम हमेशा निम्नलिखित बातें करते हैं

- जितनी जल्दी हो सके वित्त विभाग को सटीक जानकारी देना।
- जिस देश में हम काम करते हैं, उसके कानूनों के अनुसार वित्तीय जानकारी रिकॉर्ड और रिपोर्ट करना।
- ट्रिलियम की वित्तीय नियंत्रण प्रणाली का पालन करना
- हमारे अधिकार की सीमाओं का सम्मान करना (उदा. केवल हमारे प्राधिकार सीमाओं के भीतर किये भुगतान के लिए चालान स्वीकृत करना)।
- संभव धोखाधड़ी या मनी लॉन्ड्रिंग की खोज करना और किसी भी संदेह के मामले में वरिष्ठ प्रबंधन को उसकी रिपोर्ट करना।

> संभावित धोखाधड़ी या मनी लॉन्ड्रिंग को रोकने और तलाशने की जिम्मेदारी हम सभी की है।

Q&A

मैं एक लेनदेन की समीक्षा कर रहा हूं जिसे वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा अनुमोदित किया गया था, लेकिन मुझे कोई सहायक दस्तावेज नहीं मिल रहा है। चूँकि वरिष्ठ प्रबंधकों ने इसे अनुमोदित किया है तो क्या मुझे भी इसका अनुमोदन करना ठीक होगा?

नहीं, कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लेनदेन उचित रूप से प्रलेखित और दस्तावेजों द्वारा समर्थित हो।

मुझे और जानकारी चाहिए, क्या कोई ऐसा है जिससे मैं बात कर सकूं?

आपकी कंपनी वित्त टीम या वित्त निदेशक

गोपनीय जानकारी

हम गोपनीय जानकारी को गोपनीय रखते हैं।

हमारा सिद्धांत

हम ट्रिलियम फ्लो टेक्नोलॉजीज या ग्राहकों या अन्य तृतीय पक्ष से संबंधित गोपनीय जानकारी सुरक्षित रखते हैं और केवल इसे श्जानना आवश्यक हैश के आधार पर साझा करते हैं। हम तीसरे पक्षों को गोपनीय जानकारी का खुलासा केवल तभी करेंगे जब हम ऐसा करने के लिए ठीक से अधिकृत हैं और यह गोपनीय आधार पर है।

गोपनीय जानकारी का अर्थ है ट्रिलियम से जुड़ी गोपनीय या व्यापारिक जानकारी या जो गोपनीयता के दायित्वों के तहत ट्रिलियम के लिए खुलासा की गई है।

इसमें शामिल है, उदाहरण के लिए:

- वित्तीय जानकारी, व्यावसायिक रणनीतियाँ या योजनाएँ, व्यवसाय की पद्धतियाँ, प्रणालियाँ और प्रक्रियाएँ और अन्य ऐसी ही जानकारी जो सार्वजनिक डोमेन में नहीं है।
- उत्पाद विनिर्देश, मूल्य निर्धारण नीतियां, बिक्री, या विपणन संबंधी जानकारी।
- ग्राहक और आपूर्तिकर्ता अनुबंध।
- कर्मचारी जानकारी।
- तकनीकी जानकारी।
- बौद्धिक संपदा, जिसमें आविष्कार, नवाचार और, व्यापार रहस्य शामिल हैं।

व्यवसाय के सामान्य कार्यवाही के दौरान, कर्मचारियों को जानकारी प्राप्त हो सकती है, या उन तक पहुंच प्राप्त हो सकती है जो ट्रिलियम के लिए गोपनीय है। हम इस तरह से गोपनीय जानकारी को रखने के लिए सावधान हैं कि हम ट्रिलियम के हितों की रक्षा करते हैं।

यान दें

हमारे यहाँ ग्राहक सूचना और व्यक्तिगत जानकारी के प्रसंस्करण और सुरक्षा के संबंध में विशेष नियम हैं।

हम निम्नलिखित बातें कभी नही करते

- सार्वजनिक स्थलों पर या जहाँ हमें सुना जा सकता है वहाँ गोपनीय जानकारी पर चर्चा करना ।
- असुरक्षित स्थानों या सार्वजनिक स्थान पर गोपनीय जानकारी छोड़ देना।
- जब तक हमें अपने पिछले नियोक्ता द्वारा ऐसा करने की अनुमति न हो, तब तक किसी पिछले नियोक्ता से या उसके बारे में गोपनीय जानकारी साझा करना
- जब तक हम ऐसा करने के लिए अधिकृत नहीं होते तब तक गोपनीय जानकारी वाले दस्तावेजों या सामग्रियों की प्रतिलिपि बनाना।

हम हमेशा निम्नलिखित बातें करते हैं

- सुनिश्चित करना कि, यदि हम ट्रिलियम के बाहर गोपनीय जानकारी का वैध रूप से खुलासा कर रहे हैं, तो हम ऐसा एक स्थापित गोपनीय व्यापारिक संबंध के हिस्से के रूप में या स्थापित गोपनीयता समझौते के साथ करते हैं।
- सुनिश्चित करना कि ग्राहक, आपूर्तिकर्ता और अन्य तृतीय पक्ष हमारी गोपनीय जानकारी की सुरक्षा करते हैं।

कंपनी संचार और प्रकटीकरण

हम कैसे संचार करते हैं, यह विश्वास निर्माण करने में बहुत महत्वपूर्ण है।

हमारा सिद्धांत

हम ट्रिलियम फ्लो टेक्नोलॉजीज के बारे में किसी भी जानकारी को यह सुनिश्चित करते हुए सच्चाई और सावधानी से संचारित करते हैं, कि हमारे संदेश आवश्यक होने पर अधिकृत हैं। राष्ट्रीय मीडिया को किये गये किसी भी संचार को निवेशकों के लिए उनके महत्व और संभावित प्रभाव के कारण प्राधिकरण और अनुमोदन के लिए askdavid@trilliumflow.com पर भेजा जाना चाहिए। जब हम इलेक्ट्रॉनिक रूप में ट्रिलियम के बारे में संचार करते हैं, तो हम गंभीरता से सोचते हैं, जैसे कि बाहरी ई–मेल, ब्लॉग्स, वेबसाइट और सोशल नेटवर्क।

कंपनी के संचार का मतलब ट्रिलियम के भीतर किसी भी व्यक्ति द्वारा या ऐसे किसी व्यक्ति द्वारा भेजा गया बाहरी संदेश, जिसे हम ट्रिलियम या उसके व्यवसाय के बारे में अपनी ओर से संवाद करने के लिए अधिकृत करते हैं। इसमें प्रेस विज्ञप्ति, पत्रकारों या अन्य समाचार माध्यमों के साथ संचार, विज्ञापन, सामाजिक नेटवर्क पर प्रकाशित सामग्री, व्यापार प्रचार सामग्री और अन्य सार्वजनिक बयान शामिल हैं।

प्रकटीकरण का अर्थ है कि शेयरधारकों, नियामकों, प्रतिभूतियों के आदान–प्रदान, मीडिया या अन्य तीसरे पक्ष को सूचित किए गए तथ्यात्मक बयान या पूर्वानुमान।

मीडिया का अर्थ है समाचार पत्र (राष्ट्रीय और स्थानीय), ट्रेड प्रेस, टेलीविजन, रेडियो, वेबसाइट और सोशल नेटवर्क।

हम निम्नलिखित बातें कभी नही करते

- ऐसा करने की अनुमति न होने के बावजूद पत्रकारों, मीडिया, नियामकों, सरकारी एजेंसियों या अन्य बाहरी एजेंसियों को जवाब देना।
- ट्रिलियम के बारे में सार्वजनिक रूप से कुछ भी लिखना या कहना जो असत्य, गलत, भ्रामक है या इसकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकता है।
- सोशल नेटवर्किंग साइट, ब्लॉग्स, चौट रूम और अन्य इलेक्ट्रॉनिक संचारों में ट्रिलियम की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए कुछ भी करना।
- हमारे व्यक्तिगत विचारों को इस तरह से संप्रेषित करना कि उन्हें ट्रिलियम के विचारों के रूप में समझा जा सके।

हम हमेशा निम्नलिखित बाते करते हैं

- सुनिश्चित करना कि सभी कंपनी संचार और खुलासे उपयुक्त आंतरिक दलों द्वारा अधिकृत किए गए हैं।
- याद रखें, जब हम संवाद कर रहे होते हैं, कि कोई भी ई–मेल, टेक्स्ट, ट्वीट या कुछ और जो हम लिखते हैं, वह समाचार पत्रों में आ सकता है या जिसके बारे में अदालत में समझाना पड़ सकता है।
- आंतरिक या बाहरी रूप से ई–मेल अग्रेषित करने से पहले ध्यान से सोचना। सहकर्मियों के बीच मजाक में की गई बात यदि अखबार में छपती है तो बहुत बुरा लग सकता है।
- जब हम ट्रिलियम फ्लो टेक्नोलॉजीज की ओर से बोलने का विचार करते हैं, तो बैठक या अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों में क्या कहना है, इसके बारे में अतिरिक्त ध्यान रखना।

मुझे और जानकारी चाहिए, क्या कोई ऐसा है जिससे मैं बात कर सकूं?

- आपका प्रबंधक या पर्यवेक्षक, या आपके विभाग के अन्य वरिष्ठ कर्मचारी
- ट्रिलियम लीगल

व्यक्तिगत जानकारी

हम व्यक्तिगत जानकारी को निजी रखते हैं चाहे इसका स्वरूप कोई भी हो।

हमारा सिद्धांत

हम व्यक्तिगत जानकारी से संबंधित मुद्दों के बारे में यह सुनिश्चित करते हुए ध्यान से सोचते हैं, कि हम व्यक्तिगत गोपनीयता की रक्षा करते हैं और उन देशों में डेटा संरक्षण और डेटा गोपनीयता कानूनों का पालन करते हैं जहां हम काम करते हैं। हम केवल उन्ही कर्मचारियों को अनुमति देंगे जिनके पास किसी भी व्यक्तिगत जानकारी तक पहुंचने के लिए सही अधिकार और वैध कानूनी या व्यावसायिक कारण है। जहां ऐसे कर्मचारी व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त करते हैं, वे इसका उपयोग केवल उचित व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए करेंगे। हम केवल उतने समय के लिए व्यक्तिगत जानकारी रखेंगे जब तक हमें विशिष्ट कानूनी या व्यावसायिक कार्य करने की आवश्यकता होगी या कानून द्वारा ऐसा करना अनिवार्य होगा। यदि स्थानीय कानून द्वारा अनुमति नहीं है तो हम अन्य कर्मचारियों या देशों को व्यक्तिगत जानकारी हस्तांतरित नहीं करेंगे।

व्यक्तिगत जानकारी का अर्थ है डेटा, जैसे किसी भी व्यक्ति का नाम, पता, जन्मतिथि, राष्ट्रीय बीमा या सामाजिक सुरक्षा नंबर, नौकरी का शीर्षक, चिकित्सा डेटा या फोटोग्राफद्य

डेटा संरक्षण और डेटा गोपनीयता कानूनों का मतलब उन कानूनों से है जो व्यक्तिगत जानकारी के संग्रह, निपटान, उपयोग और भंडारण को शामिल करते हैं। ये कानून दुनिया के विभिन्न देशों में अलग–अलग हैं, हालांकि कुछ क्षेत्रों में सामान्य सिद्धांत हैं, जैसे कि जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन 2016/679 (GDPR), जो यूरोपीय संघ के भीतर लागू होता है।

हम निम्नलिखित बातें कभी नही करते

- पहले से सहमति प्राप्त किए बिना संभावित कर्मचारी संदर्भों की जांच करना।
- व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग करना या अनधिकृत लोगों को देना।

हम हमेशा निम्नलिखित बातें करते हैं

- डेटा सुरक्षा और डेटा गोपनीयता कानूनों का अनुपालन।
- जब हम नए उत्पादों और प्रक्रियाओं को विकसित करते हैं तो गोपनीयता प्रभाव पर विचार करना।
- व्यक्तिगत जानकारी को गोपनीय और सुरक्षित रखते हुए, इसकी रक्षा करना।
- कोई भी अनुमति प्राप्त करना, जिसकी हमें व्यक्तिगत जानकारी के उपयोग के लिए आवश्यकता हो सकती है और उन अनुमतियों को रिकॉर्ड करना।
- व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग उन तरीकों से करना, जिनकी लोग उम्मीद करते हैं।
- संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी, जैसे चिकित्सा जानकारी, का विशेष ध्यान रखना, क्योंकि ऐसी जानकारी को संसाधित करने या प्रकट करने के लिए स्पष्ट सहमति की आवश्यकता हो सकती है।
- अगर हम कोई भी व्यक्तिगत जानकारी (जैसे कि लैपटॉप पर संग्रहित कर्मचारी विवरण) खो देते हैं, तो अपने प्रबंधक को बताएं।

हम व्यक्तिगत जानकारी की हमेशा रक्षा करते हैं।

Q&A

मैंने एक ग्राहक को ई–मेल भेजी और गलती से एक गलत रिपोर्ट अटैच कर दी जिसमें व्यक्तिगत जानकारी शामिल थीद्य
मैंने प्राप्तकर्ता को वह ई–मेल डिलीट कर देने का अनुरोध किया, क्या मुझे और कुछ करना चाहिए?

हाँ, अपने पर्यवेक्षक, मानव संसाधन प्रतिनिधि या ट्रिलियम लीगल को इसकी रिपोर्ट करेंद्य

मुझे और जानकारी चाहिए, क्या कोई ऐसा है जिससे मैं बात कर सकूं?

- आपके मानव संसाधन प्रतिनिधि
- ट्रिलियम लीगल

पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा (EHS)

हमारा उद्देश्य लोगों और पर्यावरण के लिए एक हानिरहित कार्यस्थल बनाना है।

हमारा सिद्धांत

ट्रिलियम में हम मानते हैं कि सभी चोटों और व्यावसायिक बीमारियों को रोका जा सकता है। ऐसा कोई व्यावसायिक उद्देश्य नहीं है जिसे स्वास्थ्य और सुरक्षा की बजाय प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसा कोई कार्य नहीं है जो इतना महत्वपूर्ण या अत्यावश्यक हो कि जिसे सुरक्षित रूप से नहीं किया जा सके। हमारा मानना है कि सुरक्षा हर किसी की जिम्मेदारी है और हम चिरंतन रूप से कार्य करते हैं और अपने पर्यावरणीय दुष्प्रभाव को कम से कम करते हैं।

ट्रिलियम लोगों और पर्यावरण को शून्य नुकसान पहुंचने के निरंतर सुदृढीकरण को प्राथमिकता देता हैय एक गहराई से समाहित सुरक्षा संस्कृति जहां कर्मचारी काम पर और काम से दूर सुरक्षित रूप से कार्य करते हैंय सभी स्तरों पर दृश्य और सक्रिय रूप से 'महसूस किये गये नेतृत्व' के माध्यम से हमारी सुरक्षा संस्कृति का वितरण करते हैं।

हम निम्नलिखित बातें कभी नही करते

- कानूनी और अन्य अनुपालन अनिवार्यताओं की उपेक्षा करना।

हम हमेशा निम्नलिखित बातें करते हैं

- सभी खतरों की निरंतर रूप से पहचान करना और उन्हें समाप्त ही करना या यदि संभव न हो तो जोखिम को इस तरह से प्रबंधित करना कि इसका दुष्प्रभाव यथासंभव व्यावहारिक रूप से कम से कम हो।
- संपूर्ण संगठन में ट्रिलियम ईएचएस प्रबंधन प्रणाली को बनाए रखना और उसमें लगातार सुधार करना।
- भूगोल या स्थानीय कानून की परवाह किए बिना संपूर्ण ट्रिलियम कार्यस्थलों में लगातार और समान रूप से ट्रिलियम मानकों को लागू करना।
- हमारे लोगों को सुरक्षित और जिम्मेदार तरीके से काम करने के लिए नेतृत्व, प्रशिक्षित और प्रेरित करना।
- अपने स्वयं के और दूसरों के स्वास्थ्य, कल्याण और सुरक्षा के प्रबंधन में अपने लोगों के साथ परामर्श करना और उनकी सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना।
- पर्यावरण और हमारे लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के संबंध में हमारे निरंतर प्रदर्शन में सुधार के लिए आवश्यक संसाधन और कौशल प्रदान करना।
- ईएचएस को पूरे जीवन चक्र के केंद्र में उत्पाद के संचालन के दृष्टिकोण पर रखना।
- प्रदर्शन उपायों को पहचानना, सुधार लक्ष्य निर्धारित करना और प्रदर्शन को सभी स्तरों पर रिपोर्ट करना (उत्कृष्ट प्रदर्शन को उचित रूप से पहचानते हुए)।
- ट्रिलियम सुविधाओं और परिचालनों में आईएसओ 14001 और 45001 को तीसरे पक्ष के प्रमाणीकरण में स्थापना करना और उसका रखरखाव करना।
- संसाधनों और ऊर्जा का कुशलता से उपयोग करना, हमारी गतिविधियों में अपशिष्ट, उत्सर्जन और प्रदूषण को लक्षित करना, ताकि हमारे समुदायों में हमारी गतिविधियों के प्रभाव को न्यूनतम किया जा सके।

मुझे और जानकारी चाहिए, क्या कोई ऐसा है जिससे मैं बात कर सकूं?

- आपके पर्यवेक्षक या प्रबंधक, या आपके विभाग के अन्य वरिष्ठ कर्मचारी
- आपके संचालन या विनिर्माण निदेशक
- आपके स्थानीय ईएचएस प्रबंधक

स्वास्थ्य और सुरक्षा के ऊपर किसी भी व्यावसायिक उद्देश्य को प्राथमिकता नहीं दी जाएगी।

पर्यावरण का सम्मान करना

हम पर्यावरण पर हमारे द्वारा पड़ने वाले प्रभाव की परवाह करते हैं।

हमारा सिद्धांत

हमारा उद्देश्य पर्यावरण पर पड़नेवाले हमारे कार्यों, संचालनों और हमारे उत्पादों के प्रभाव को कम करना है। हमारी वैश्विक पर्यावरणीय प्रतिबद्धता हमारे सबसे प्रभावशाली पर्यावरणीय प्रभावों को कम करना हैरू

- ऊर्जा का उपयोगय
- पानी का उपयोगय तथा
- खतरनाक और गैर–खतरनाक कचरे का उत्पादन।

इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, ट्रिलियम फ्लो टेक्नोलॉजीज यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि हमारी सभी सहायक कंपनियां आईएसओ 14001 मान्यता प्राप्त हैं और परिणामस्वरूप उनके पर्यावरणीय कार्यप्रदर्शन और प्रबंधन प्रथाओं में लगातार सुधार की आवश्यकता है। इसके अलावा, हमारी सभी कंपनियों को स्थानीय पर्यावरण कानून और उसके व्यवसाय के लिए विनियामक अनिवार्यताओं का पालन करना आवश्यक है।

प्रत्येक ट्रिलियम कंपनी यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेगी कि यह समुदायों में एक अच्छे और जिम्मेदार नागरिक के रूप में कार्य करे जिसमें यह संचालन करती है और उन प्रथाओं को अपनाये जिनका उद्देश्य पर्यावरणीय प्रभाव को न्यूनतम करना है।

हम निम्नलिखित बातें कभी नही करते

- हमारे पर्यावरणीय प्रभाव को नजरअंदाज करना।
- हमारे कार्यालयों या परिचालनों में अपशिष्टता को सहन करना।

हम हमेशा निम्नलिखित बातें करते हैं

- उन क्षेत्रों पर हमारे सुधार प्रयासों पर ध्यान केन्द्रित करना, जिनके सबसे अधिक पर्यावरणीय प्रभाव है।
- हमारे पर्यावरण कार्य प्रदर्शन को बेहतर बनाने के अवसरों की पहचान करने का प्रयास करना।
- नए अधिग्रहीत व्यवसायों को सर्वोत्तम अभ्यास के अनुरूप बनाना और उन्हें आईएसओ 14001 मान्यता प्राप्त करवाना।
- स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय विधायी विकास की निगरानी करना और इनको उचित रूप से लागू करना।
- पर्यावरणीय विचारों को संबोधित करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं के साथ सहयोग करना।
- पर्यावरण संरक्षण में योगदान करने के लिए अनुसंधान और विकास में निवेश करना।

मुझे और जानकारी चाहिए, क्या कोई ऐसा है जिससे मैं बात कर सकूं?

- आपके पर्यवेक्षक या प्रबंधक, या आपके कार्य के अन्य वरिष्ठ नेता
- आपका संचालन या विनिर्माण निदेशक
- आपका स्थानीय ईएचएस प्रबंधक

समुदायों का सम्मान करना

जिन समुदायों में हम काम करते हैं, उनमें हम अच्छे और जिम्मेदार नागरिक होंगे।

हमारा सिद्धांत

ट्रिलियम फ्लो टेक्नोलॉजीज संपूर्ण विश्व में संचालित है और स्थानीय समुदायों और अर्थव्यवस्थाओं पर हमारा जो प्रभाव है वह हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम उन समुदायों का सम्मान करते हैं जहां हम काम करते हैं और हम जिम्मेदारी से अपने संचालन को चलाते हुए और स्थानीय पहल में एक तरह से निवेश करते हुए सकारात्मक प्रभाव बनाने का प्रयास करते हैं जिससे स्थानीय समुदाय को लाभ होता है।

हमारा मानना है कि किसी समुदाय में किये गये किसी भी निवेश से उस समुदाय पर एक सार्थक और स्थायी प्रभाव पैदा होना चाहिए। यह स्थानीय जरूरतों के लिए प्रासंगिक होना चाहिए, लेकिन साथ ही साथ हमारे व्यापार के साथ संरेखित किया हुआ और स्थानीय संगठनों के साथ साझेदारी में किया होना चाहिए।

हमारा लक्ष्य स्थानीय गैर–सरकारी निकायों और सामुदायिक समूहों सहित स्थानीय लोगों और संगठनों के साथ संपर्क के माध्यम से निवेश के लिए संभावनाओं की पहचान करना है।

शिक्षा और स्वास्थ्य दुनिया भर के समुदायों के लिए प्राथमिकताएं होती हैं। इसलिए हम विशेष रूप से मजबूत शैक्षिक और स्वास्थ्य विषयों के साथ सामुदायिक परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, फिर चाहे यह किसी स्थानीय स्कूल में सलाह देना हो, युवा इंजीनियरों को उनकी स्कूल परियोजनाओं में मदद करना हो, छात्रवृत्ति योजनाएं स्थापित करना हो, स्थानीय कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लिए साइट के दौरे की व्यवस्था करना हो या बच्चों की शिक्षा प्रायोजित करना हो।

ट्रिलियम कोई भी राजनीतिक दान या योगदान नहीं करता है, और न ही यह अपनी किसी भी ऑपरेटिंग कंपनी को ऐसा करने की अनुमति देता है। इसमें नकद और गैर–नकद आइटम जैसे सेवाएं, सामग्री, कर्मचारी समय, या कॉर्पोरेट सुविधाओं का उपयोग करना शामिल है।

हम निम्नलिखित बातें कभी नही करते

- जबरदस्ती या जानबूझकर स्थानीय रीति–रिवाजों या परंपराओं को नजरअंदाज करना या उनके प्रति सम्मान में कमी दिखाना।
- राजनीतिक उद्देश्यों के लिए कंपनी के फंड या संसाधनों का उपयोग करना।
- कॉर्पोरेट स्तर पर राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेना।

हम हमेशा निम्नलिखित बातें करते हैं

- उन देशों और स्थानीय समुदायों की परंपराओं, संस्कृतियों और कानूनों का सम्मान करना जहां हम काम करते हैं।
- जहाँ भी संभव हो, हमारे व्यवसायों में स्थानीय लोगों को नियुक्त करने का प्रयास करना।
- स्थानीय समुदायों की चिंताओं को सुनना और जहां हम कर सकते हैं वहां उन तरीकों से कार्य करने का प्रयास करना जिनसे उनकी चिंताओं से निपटा जा सके।

मुझे और जानकारी चाहिए, क्या कोई ऐसा है जिससे मैं बात कर सकूं?

- आपके पर्यवेक्षक या प्रबंधक, या आपके विभाग के अन्य वरिष्ठ कर्मचारी
- आपके संचालन या विनिर्माण निदेशक
- आपके स्थानीय ईएचएस प्रबंधक

ट्रिलियम फ्लो प्रौद्योगिकियों™

www.trilliumflow.com